संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -293 शुक्रवार , 25 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# इसरो का अगला कदम अब सूर्य की ओर

## अगले महीने आदित्य-एल 1 उपग्रह के साथ सूर्य की ओर बढ़ेगा इसरो...

**» सितंबर में लॉन्च हो सकता है आदित्य- एल 1 मिशनः इसरो चीफ एस सोमनाथ**

**चेन्नई,24अगस्त 2023(ए)।** इसरो ने बुधवार को अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' से लैस 'एलएम' की सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिग कराई। भारतीय समयानुसार शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर इसने चांद की सतह को छुआ।
मन पर क्या बीती, इसका वर्णन करना बहुत कठिन बताया इसरो चीफ ने वहीं इस सफलता के बाद इसरो चीफ ने अपनी फीलींग को व्यक्त करते हुए बताया कि मन पर क्या बीती, इसका वर्णन करना बहुत कठिन है। यह खुशी हो सकती है, यह उपलब्धि का सार हो सकता है और योगदान देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना हो सकता है।
इसके अलावा, आदित्य- एल1 और गगनयान मिशन पर इसरो चीफ ने कहा, आदित्य मिशन सूर्य के लिए है और ये सितंबर में लॉन्च होने के लिए तैयार हो रहा है. गगनयान पर अभी भी काम चल रहा है। हम क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए संभवतः सितंबर या अक्टूबर के अंत तक एक मिशन करेंगे, जिसके बाद कई परीक्षण मिशन होंगे जब तक कि हम संभवतः 2025 तक पहला मानव मिशन नहीं कर लेते.÷
इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा, ÷हम दक्षिणी ध्रुव के करीब पहुंच गए हैं, जो लगभग 70 डिग्री पर है। सूर्य से कम रोशनी होने के संबंध में दक्षिणी ध्रुव को एक विशिष्ट लाभ है। जिससे अधिक वैज्ञानिक सामग्री होने की संभावना है। चंद्रमा पर काम कर रहे वैज्ञानिकों ने दक्षिणी ध्रुव में बहुत रुचि दिखाई क्योंकि अंततः मनुष्य वहां जाकर उपनिवेश बनाना चाहते हैं और फिर उससे आगे की यात्रा करना चाहते हैं इसलिए दक्षिणी ध्रुव में हमने इसी जगह को सिलेक्ट किया।
वहीं बुधवार को लैंडिंग के बाद चंद्रमा की सतह पर पहुंचे चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) से रोवर 'प्रज्ञान' बाहर निकल आया है। इस प्रकिया पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने कहा, ''भारत ने चांद पर सैर की। अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर इसरो ने कहा कि ''रोवर बाहर निकल आया है। इसरो ने कहा, ''चंद्रयान-3 रोवर 'मेड इन इंडिया मेड फॉर मून'। चंद्रयान-3 का रोवर लैंडर से बाहर निकल आया है और भारत ने चांद की सैर की।






## कहा-बहुत गर्व और उत्साह

**नयी दिल्ली,24 अगस्त 2023(ए)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ को पत्र लिखकर चंद्रयान 3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के लिए बधाई दी और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को शानदार उपलब्धि बताया। बुधवार शाम 6.04 बजे, भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश बनकर इतिहास रचा, और चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया। भारत से पहले, सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन ही तीन देश थे जिन्होंने चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की थी।



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ को पत्र लिखकर चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए बधाई दी और कहा कि यह शानदार उपलब्धि सभी भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है। इसरो ने बुधवार को अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' से लैस 'एलएम' की सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिग कराई। भारतीय समयानुसार शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर इसने चांद की सतह को छुआ।
सोनिया गांधी ने सोमनाथ को लिखे पत्र में कहा, मैं आपको अवगत कराना चाहती हूं कि बीती शाम इसरो द्वारा हासिल की शानदार उपलब्धि से मैं बहुत प्रसन्न हुई। यह सभी भारतवासियों, खासकर युवाओं के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। उन्होंने कहा, बीते कई दशकों से इसरो की शानदार क्षमताओं का निर्माण हुआ है। इसके पास हमेशा बेहतरीन नेतृत्वकर्ता रहे और सामूहिक प्रयास की भावना रही, जिसने इसे (इसरो) हमेशा आगे बढ़ाया। सोनिया गांधी के अनुसार, इसरो 1960 के दशक से आत्मनिर्भरता के आधार पर आगे बढ़ा जिसका इसकी सफलता में बड़ा योगदान रहा।

# सुखबीर बादल को हाईकोर्ट ने दी राहत

**चंडीगढ़,24 अगस्त 2023(ए)।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आज हाईकोर्ट ने सुखबीर बादल के खिलाफ ब्यास थाने में दर्ज एक केस को रद्द कर दिया है। बादल के खिलाफ 1 जुलाई 2021 को एफआईआर दर्ज की गई थी।




दरअसल, सुखबीर सिंह बादल ने अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ब्यास नदी में अवैध माइनिंग के आरोप लगाए थे। इसके बाद वह ब्यास नदी का दौरा करने पहुंचे थे। जबकि इससे पहले डीसी ने धारा-144 के आदेश जारी किए हुए थे, लेकिन सुखबीर बादल के कानून का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था।


# मौजूदा आपराधिक कानूनों को बदलने की मांग करने वाले विधेयकों की होगी जांच

**संसदीय पैनल की हुई बैठक**

**नयी दिल्ली,24 अगस्त 2023(ए)।** भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदलने वाले विधेयकों की जांच के लिए गुरुवार को एक संसदीय पैनल की बैठक हुई। गृह सचिव अजय भल्ला समिति के सदस्यों के समक्ष तीन विधेयकों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक पर एक प्रस्तुति देने वाले हैं।
तीनों बिल मौजूदा कानूनों में आमूल-चूल परिवर्तन की मांग करते हैं, जिन्हें गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में औपनिवेशिक विरासत के रूप में वर्णित किया था।




गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले सत्र में तीनों बिल को पेश किया था। अब इन बिल को लोगों की समकालीन जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने वाले नए अधिनियमों के साथ बदल दिया।
भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को बदल देंगे- अमित शाह सरकार द्वारा संसद के अगले सत्र में अद्यतन विधेयक पेश करने के लिए स्थायी समिति को तीन महीने में अपनी रिपोर्ट देनी होगी। भाजपा सदस्य बृजलाल गृह मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं। विधेयकों को पेश करते समय अमित शाह ने कहा था कि ये भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को बदल देंगे और उन्होंने यह भी कहा था कि ये बदलाव त्वरित न्याय प्रदान करने और एक कानून प्रणाली बनाने के लिए किए गए हैं। यह कदम सभी लोगों की समकालीन जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करती है।




# हिमाचल प्रदेश में नहीं सुधर रहें हालात



**» 12 लोगों की मौत सहित 17 मकान हुए तबाह**

**शिमला ,24 अगस्त 2023(ए)।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण हालात दिनों-दिन बिगड़ते ही जा रहे हैं। सुखविंदर सिंह की सरकार को रेस्क्यू करने में कड़ी मशक्कत करना पड़ रहा है। रेड अलर्ट के बीच हुई भारी बारिश ने फिर तबाही मचाई है। खराब मौसम के चलते प्रदेश में एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत बताई जा रही है। शिमला के बल्देयां में दंपती की मौत हुई है। जुन्गा में पांच साल के बच्चे पर गेट गिरा है। मंडी में नाना-दोहती, ताई-भतीजी समेत आठ की जान चली गई। मंडी के कुकलाह में स्कूल भवन और खोलानाला में 50 बकरियां और दो दर्जन मवेशी बाढ़ में बहकर अपनी जान गंवा दिए।

**खौफ में लोग, घरों में बन रही दरारें**

हिमाचल प्रदेश में विकराल मंजर देख इलाके के लोगों में खौफ बना हुआ है, सभी यही प्राथना कर रहे हैं कि जल्द से जल्द हालातों में सुधार हो। ग्राम पंचायत खाहरी के शारटी स्कूल भी क्षतिग्रस्त होने की खबर है। शहनु और छहमार में भी लोगों के घरों में दरारें पड़ गई हैं। जिला कुल्लू एक बार फिर देश-दुनिया से कट गया है। कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ हाईवे बंद होने के बाद अब तीनों वैकल्पिक मार्ग भी मंगलवार रात को हुई भारी बारिश से अवरुद्ध हो गए हैं। भूस्खलन से वैकल्पिक मार्ग कुल्लू-मंडी वाया पंडोह, कुल्लू-मंडी वाया कमांद तथा कुल्लू-पंडोह-चैलचौक-गोहर-सुंदरनगर भी बंद हो गया है।

**यातायात सुविधाएं हुई ठप्प**

प्रदेश में 17 मकान ढह गए, जबकि 105 मकान के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिल रही है। राजधानी शिमला में मूसलाधार बारिश और गर्जना ने लोगों को डरा दिया है। शहर के अधिकांश लोगों ने रात जागकर काटी। मंडी में होटल पर बिजली गिरने से लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिला की ग्राम पंचायत कशोड में पांच मकान बह गए। प्रदेश में बुधवार शाम तक पांच नेशनल हाईवे समेत 709 सड़कें बंद कर दी गई है। 1,366 बस रूट और 636 पेयजल योजनाएं बाधित होने की खबर है।

**मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट**

प्रदेश में आने वाले दिनों में भी बारिश से होने के कम आसार ही दिख रहे है। कई क्षेत्रों में गुरुवार को भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। बुधवार को राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में दिन भर बारिश का दौर जारी रहा है। वहीं, भारी बारिश के बीचमुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने सरकारी निवास ओकओवर से दिनभर अपडेट लेते रहे।

**ये नेशनल हाईवे रहेंगी बंद**

अगर आप हिमाचल प्रदेश की यात्रा करने का सोच रहे हैं तो आपको कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। मनाली-चंडीगढ़, मंडी-पठानकोट और जालंधर-मंडी एनएच को बंद कर दिया गया हैं।

# दुबई में बैठकर गैंग चला रहे गैंगस्टर

## प्रिंस खान के मददगारों के फ्रीज किए 62 बैंक अकाउंट

**धनबाद ,24 अगस्त 2023 (ए)।** दुबई में बैठे वासेपुर के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रिंस खान को धनबाद कोयलांचल में उसके गिरोह के जरिए उगाही जाने वाली रंगदारी की रकम वहां की करेंसी दिरहम में एक्सचेंज होकर मिल जाती है। पुलिस ने करेंसी एक्सचेंज के लिए भारत में परोक्ष रूप से इस्तेमाल किए जा रहे 62 बैंक अकाउंट्स को चिन्हित करते हुए उन्हें फ्रीज करा दिया है। पुलिस ने ऐसे सभी बैंक अकाउंट धारकों को नोटिस भेजकर उनके खातों में आई रकम के बारे में पूछा है।
ये अकाउंट्स बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य कई प्रांतों के लोगों के हैं। दरअसल होता यह है कि दुबई में रह रहे लोगों से प्रिंस खान दिरहम में रकम ले लेता है और उसके बदले उनके परिवार वालों या करीबियों के भारत में स्थित बैंक अकाउंट्स में रुपए डलवा देता है। धनबाद के बैंक मोड़ थाने की पुलिस ने बैंक अकाउंट्स में 273 संदिग्ध ट्रांजैक्शन का पता लगाया है।पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि प्रिंस खान के गुर्गों ने दिरहम के बदले जिन 62 अकाउंट्स में रकम ट्रांसफर कराई है, उनमें सबसे ज्यादा 24 बैंक अकाउंट्स यूपी के हैं। इसी तरह बिहार के नौ, झारखंड के आठ, महाराष्ट्र के छह, केरल के तीन, बंगाल के दो और छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु एवं एमपी के एक-एक बैंक अकाउंट्स चिह्नित किए गए हैं। इन सभी अकाउंट्स को फ्रीज करा दिया गया है। वासेपुर का गैंगस्टर प्रिंस खान पिछले साल धनबाद में फर्जी पासपोर्ट बनवाकर खाड़ी देश भाग गया था। अब वह दुबई से अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। उसके गुर्गे धनबाद कोयलांचल में मर्डर, फायरिंग, बमबारी, थ्रेट कॉल की घटनाएं अंजाम देकर लगातार रंगदारी की उगाही कर रहे हैं। वह वीडियो मेसेज जारी कर कारोबारियों को धमकाता है।



## संपादकीय

# संसद में काम नहीं होता सुप्रीम कोर्ट में होता है !

सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुनवाई हो रही है। छह दिन की सुनवाई हो गई है और अभी तक सिर्फ याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनी गई हैं। याचिककर्ताओं का मतलब है, जिन लोगों ने अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी है। इसे हटाए जाने को सही ठहराने के लिए भी एक याचिका पिछले दिनों सर्वोच्च अदालत में दायर की गई थी, लेकिन उसे अदालत ने खारिज कर दिया था। सो, 20 से ज्यादा याचिकाएं हैं, जिनमें अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध किया गया है। ये याचिकाएं दायर करने वालों की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, दुष्यंत दवे आदि ने दलीलें रखी हैं।

अब इसका समर्थन करने वाले यानी सरकार का पक्ष सुना जाएगा और वह भी चार-पांच दिन से कम नहीं चलेगा। उसके बाद दोनों तरफ से लिखित दलीलें पेश की जाएंगी और तब पांच जजों की संविधान पीठ विचार करके फैसला लिखेगी। यह भारतीय संविधान में अपनाए गए न्यायिक पुनराविलोकन यानी न्यायिक समीक्षा की व्यवस्था का खूबसूरत उदाहरण है। लेकिन सवाल है कि क्या यह काम पहले संसद में नहीं होना चाहिए था? संसद के दोनों सदनों से जब इसे मंजूरी दी गई तो किसी को ध्यान है कि उसमें कितना समय लगा था?

अनुच्छेद 370 हटाने, जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने और राज्य का बंटवारा कर लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने का एक विधेयक लाया गया था और एक प्रस्ताव पेश किया गया था। पांच अगस्त 2019 को विधेयक और प्रस्ताव को राज्यसभा ने मंजूरी दी थी और छह अगस्त को लोकसभा ने मंजूरी दे दी। दोनों सदनों में एक एक दिन का समय भी नहीं लगा। सोचें, कानून बनाते समय संसद के दोनों सदनों ने एक एक दिन का भी समय नहीं लिया, जबकि सुप्रीम कोर्ट में इस पर सुनवाई में कम से कम 10 दिन का समय लगेगा और उसके बाद कई दिन लगा कर जज फैसला लिखेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 पर चल रही सुनवाई के दौरान जम्मू कश्मीर के तब के हालात, राजा हरि सिंह द्वारा अपने राज्य का विलय भारत संघ में करने के प्रस्ताव और संविधान के प्रावधानों पर बारीकी से विचार हो रहा है। इस पर दलीलें दी जा रही हैं कि अनुच्छेद 370 स्थायी प्रावधान था या अस्थायी? इस सवाल पर माथापच्ची हो रही है कि इसे संविधान सभा ने मंजूरी दी थी और अब संविधान सभा नहीं है तो संसद इसे हटा सकती है या नहीं? यह पता लगाया जा रहा है कि महाराजा हरि सिंह ने संपूर्ण संप्रभुता का समर्पण किया था या नहीं? कायदे से इन सारे सवालों पर संसद में विचार किया जाना चाहिए। संसद में सभी पार्टियों के सांसद इस पर दलीलें रखते। सरकार अपने स्टैंड को जस्टिफाई करने के तर्क पेश करती। इससे देश के लोगों का ज्ञानवर्धन होता। लेकिन दुर्भाग्य से अब संसद में किसी भी कानून पर इतना विचार नहीं हो रहा है। वहां सिर्फ बिल पेश होता है और सरकार बहुमत के दम पर पास करा लेती है या हर सत्र के पहले विपक्ष को कोई झुनझुना पकड़ा देती है।

# कुल मिलाकर खड़गे की टीम अच्छी

भारत में हर राजनीतिक पार्टी को संगठन या सरकार बनाते समय सबसे ज्यादा जिस बात का ध्यान रखना होता है वह जातीय व क्षेत्रीय संतुलन का होता है। इसमें कोई भी पार्टी अपवाद नहीं है। विचारधारा की बात करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां हों या नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर जीत रही भाजपा हो, सबको जातीय, क्षेत्रीय, सामुदायिक और लैंगिक संतुलन का ध्यान रखना पड़ता है। तभी हाशिए में डाल दिए गए बीएस येदियुरप्पा को राजनीतिक मजबूरी में भाजपा को संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाना पड़ा। अल्पसंख्यक कोटा पूरा करने के लिए पंजाब के सिख नेता इकबाल सिंह लालपुरा को लाना पड़ा और महिला व पिछड़ी जाति के लिए हरियाणा की सुधा यादव को बोर्ड में रखा गया। भाजपा की टीम की मिसाल देकर शुरुआत करने का मकसद यह बताना है कि कांग्रेस कोई अपवाद नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी राजनीतिक व चुनावी जरुरत के हिसाब से अपनी कार्य समिति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बनाने का प्रयास किया है। एक तरफ खड़गे को पार्टी के तमाम पुराने नेताओं को सीडब्लुसी का सदस्य बना कर उनको सम्मान देना था तो उदयपुर संकल्प के मुताबिक युवाओं व दलित, पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यक को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना था। इन दोनों के साथ चुनावी व राजनीतिक जरूरतों का भी ध्यान रखना था। इसी मजबूरी में खड़गे को मुख्य कार्य समिति में 39 सदस्य बनाने पड़े और सीडब्लुसी के सदस्यों की कुल संख्या 84 पहुंच गई।

खड़गे ने किस तरह से राजनीतिक व चुनावी संतुलन बनाया है उस पर बात करने से पहले दो बातों पर ध्यान देना जरूरी है। पहली बात तो यह है कि कांग्रेस ने कार्य समिति के सदस्यों के चुनाव का फैसला क्यों टाला और कब यह तय हुआ कि सभी सदस्य अध्यक्ष द्वारा मनोनीत होंगे? ध्यान रहे राहुल गांधी चाहते थे कि कार्य समिति का चुनाव हो। गौरतलब है कि पारंपरिक रूप से कार्य समिति के 23 सदस्य होते थे, जिनमें आधे सदस्यों का चुनाव होता था। अगर चुनाव नहीं कराना है तो अध्यक्ष को सभी सदस्यों को मनोनीत करने के लिए अधिकृत किया जाता था। इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि चुनाव क्यों नहीं हुआ और कब व किसने अध्यक्ष को अधिकृत किया कि वे सभी सदस्यों को मनोनीत करें? कायदे से स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होनी चाहिए थी, जिसमें खड़गे को अधिकृत किया जाता। दूसरी बात यह है कि जब पिछले साल उदयपुर के नवसंकल्प शिविर में तय हुआ था कि कार्य समिति में और पार्टी के पदाधिकारियों में भी आधे सदस्य 50 साल से कम उम्र के रखे जाएंगे तो कार्य समिति के गठन के मामले में उस सिद्धांत का पालन क्यों नहीं किया गया? मुख्य कार्य समिति के 39 सदस्यों में से सिर्फ तीन ही ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 साल से कम है। कहने को कहा जा सकता है कि विशेष आमंत्रित या स्थायी आमंत्रित सदस्यों और अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों को मिला कर 50 साल से कम उम्र के नेताओं की संख्या अच्छी खासी हो जाती है। लेकिन उदयपुर में दूसरा सिद्धांत तय हुआ था।




बहरहाल, कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्य समिति का गठन करते हुए इस साल होने वाले राज्यों के विधानसभा के चुनावों को तो ध्यान में रखा ही है अगले साल के लोकसभा चुनाव को भी ध्यान में रखा है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि जिन राज्यों में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन कर सकती है उन राज्यों के नेताओं को महत्व मिले ताकि वे अपने राज्य में मजबूती से काम कर सकें। इस साल के अंत में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। सो, खड़गे ने इन पांचों राज्यों का पूरा ध्यान रखा है। पता नहीं यह कितनी सफल होगी लेकिन एक रणनीति के तहत कांग्रेस ने पांचों मुख्यमंत्रियों को कार्य समिति से बाहर रखा गया। इनमें से दो मुख्यमंत्रियों- अशोक गहलोत और भूपेश बघेल से यहां चुनाव होने वाले हैं। दोनों राज्यों से कांग्रेस अध्यक्ष ने बड़े चेहरों को कार्य समिति में रखा। राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को कार्य समिति में रख कर उनके समर्थकों और जातीय समुदाय को मैसेज दिया गया है। ध्यान रहे गहलोत और पायलट के बीच संबंध अच्छे नहीं थे लेकिन पिछले दिनों कांग्रेस आलाकमान ने दोनों को साथ बैठा कर तालमेल बनवाने का प्रयास किया है। उसके बाद से दोनों में सद्भाव भी दिख रहा है। खड़गे ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्य समिति के सदस्यों के जरिए पिछड़ा, जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत सबका एक संतुलन बनाया है।

इसी तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को कार्य समिति में नहीं लिया गया है लेकिन ताम्रध्वज साहू को सदस्य बनाया गया है। ध्यान रहे पिछले विधानसभा चुनाव के समय अपने आप यह संदेश गया था कि ताम्रध्वज साहू को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इसलिए साहू समाज का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस के साथ जुड़ा था। इस बार के चुनाव से पहले भाजपा उसे फिर अपनी ओर करने का प्रयास कर रही है। भाजपा ने पिछले दिनों 21 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें से आठ पिछड़ी जाति के थे और उनमें से चार साहू समाज के थे। भाजपा की इस रणनीति की काट खड़गे ने ताम्रध्वज साहू को कार्य समिति में शामिल करके किया है। उनके अलावा आदिवासी समाज की फूलोदेवी नेताम को भी कार्य समिति में शामिल किया गया है। ऐसे ही मध्य प्रदेश से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भी कार्य समिति में रखा गया है और साथ ही राहुल गांधी के भरोसे की नेता मीनाक्षी नटराजन को भी सदस्य बनाया गया है। मिजोरम में भी इस साल चुनाव हैं, जहां के पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला को सीडब्लुसी में शामिल किया गया है और तेलंगाना से नए चेहरे के तौर पर वामशी चंद रेड्डी को सदस्य बनाया गया है। वे युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं।

इस साल के विधानसभा चुनावों के अलावा अगले साल के लोकसभा चुनाव और कांग्रेस संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए भी खड़गे ने नए और पुराने सदस्यों का संतुलन बनाया है। उन्होंने महाराष्ट्र पर सबसे ज्यादा तवज्जो दी है क्योंकि वहां शिव सेना और एनसीपी दोनों में विभाजन को देखते हुए कांग्रेस अपना पुराना आधार हासिल करने की राजनीति कर सकती है। इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के साथ साथ कुल नौ लोगों को कार्य समिति में रखा गया है। खड़गे ने मराठा, दलित, ब्राह्मण, महिला, पिछड़ा सबका संतुलन बनाया है। दिल्ली और पंजाब व हरियाणा से कांग्रेस एक मैसेज बनवाना चाहती है इसलिए इन तीनों छोटे राज्यों से कई नेताओं को कार्य समिति में जगह मिली है। दिल्ली से अजय माकन, अलका लांबा और देवेंद्र यादव को रखा गया है तो हरियाणा से रणदीप सुरेजवाला, कुमारी शैलजा और दीपेंद्र हुड्डा को कार्य समिति में शामिल किया गया है। पंजाब में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री और दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को फिर से महत्व देते हुए सीडब्लुसी में रखा है। पंजाब की राजनीति में इसका असर देखने को मिलेगा।

प्रादेशिक व जातीय संतुलन के अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे ने दो संतुलन और बनाए हैं। उन्होंने नए और पुराने नेताओं का बैलेंस बनाया है तो साथ ही नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले जी-23 के नेताओं और परिवार के प्रति निष्ठावान रहे नेताओं के बीच भी संतुलन बनाया है। कन्हैया कुमार से लेकर पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, बीवी श्रीनिवास, सचिन पायलट, अलका लांबा, गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा आदि युवा नेताओं को कार्य समिति में रखा गया है तो एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार जैसे बुजुर्ग नेताओं को भी रखा गया है। जी-23 में शामिल रहे शशि थरूर, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा को कार्य समिति में शामिल करके खड़गे ने यह मैसेज दिया है कि पार्टी नेताओं की असहमति का भी सम्मान करती है। आंतरिक लोकतंत्र को लेकर इससे एक अच्छा मैसेज जाएगा। कुल मिला कर खड़गे ने एक अच्छी टीम बनाई है लेकिन राजनीति में किसी भी टीम की परख उसकी परफारमेंस और नतीजों से होती है। सो, आगे आने वाले चुनावों से पता चलेगा कि खड़गे की टीम कितनी कारगर है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## नशा ले नाश...

नशा नाश के जड़ हे संगी,
उजड़ जाथे जी घर-दुवार ।
छोड़थे देखव परान ले के,
नइ बाँचय जीवन आधार ।।
नशा ले बड़ नुकशान होथे,
झन करव जी येखर सेवन ।
नशा के आदी मनखे होथे,
उजड़ जाथे जनम-जेवन ।।
सेहत मान- सम्मान जाथे,
छूटथे घर-परिवार अउ संग ।
नशा करे मा का सुख मिलथे,
सुग्घर तन हो जाथे जी तंग ।।
उबुक- चुबुक के सांसा चलथे,
नइ मानँय जी ककरो बात ।
किंजरत रहिथे गली- खोर मा,
लइका सियान ले खाते थे लात ।।
नशा मा दशा अइसन हे संगी,
घर के लोटा- थारी बेंचा जाथे ।
रोज-रोज के झगरा लड़ाई मा,
सुम्मत के घर आगी लग जाथे ।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**मुकेश उइके मयारू**
पाली,कोरबा
छत्तीसगढ़

## चाँद पर तिरंगा

भारत के वैज्ञानिको ने
कमाल कर दिया।
चांद पर भी देखो तिरंगा लहरा दिया।
भारतीयों की शान को
चार चांद लगा दिया।
चांद पर भी आज
हिन्दोस्तान लिख दिया।
भारत माँ के सपूतों ने
इतिहास रच दिया।
चांद की कहानियों को
नया मोड़ दे दिया ।
पूरे विश्व में भारत का
परचम लहरा दिया ।
सारे भारत वासियों को
आनंदित कर दिया।
दुआ है आज भारत आगे बढ़ता रहे,
चांद तो क्या चांद से
आगे पहुँचता रहे।
भारत वासियों को
कोटि कोटि बधाइयां
जय भारत,जय हिन्दोस्तान
जहां में गूंजता रहे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा
राजस्थान

## चाँद पर चंद्रयान पहुंच ही गया

चाँद पर चंद्रयान थ्री पहुंच ही गया।
चाँद पर आज तिरंगा फहर ही गया।
विश्व पटल पर रचा कीर्तिमान नया,
वैज्ञानिकों का मेहनत सफल हो गया।
वर्षो के तपस्या का
फल मिल ही गया,
एक बार विफल होके
सफल हो ही गया।
हर्ष से झूमे लोग
और मन मगन हो गया,
सबके जुबां से
वन्दे मातरम् निकल ही गया।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**प्रभात गौर नेवादा जंघई**
प्रयागराज
उत्तर प्रदेश

## चिकन 65

तले हुए मसालों में तली हुई मुर्गियाँ
चखते रहो जीभें हिलती हैं
आज हमारी संस्कृति में
65 चिली चिकन...
वे मसालेदार व्यंजन
बहुत स्वादिष्ट होते हैं
साथ ही शरीर को भून लें
लेकिन यहाँ हमारा मसाला है
यहाँ दुकानों में
हालाँकि सफ़ाई स्वास्थ्यप्रद नहीं है
तो सड़क से सड़क तक
इन पुरुषों की ख़राब
खान-पान की आदतों के लिए
उपद्रव सहो और खड़े हो जाओ
यहाँ तक कि वे नर बच्चे भी
ठीक वैसे ही
जैसे पुरुष गर्भवती हो जाते हैं
जिस पेट पर वे बड़े हुए
वह हाँ बचा हुआ है
ये है मसालेदार मसालों का
इतिहास
अगर मैं ऐसा कहूं
क्या आप मुझे स्वीकार करेंगे?
चिकन खाने का
आनंद लें 65...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई
तमिलनाडु

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# शिक्षा के क्षेत्र में हो रही हैं इतनी लापरवाही

आईए आज हम सभी कों कुछ सच्ची घटनों सें रुबरु करातें हैं। यह घटना बिहार की हैं जहाँ स्नातक पार्ट - 2 की परीक्षा ली गई हैं उसकी हाल ही में रिजल्ट आया था जिसमें लगभग 6-7 हजार बच्चों का रिजल्ट पेंडिंग बताया जा रहा हैं। अब सवाल यह है बच्चें नें मेहनत करकें और ससमय जाकर परीक्षा दिया फिर रिलज्ट पेंडिंग क्यों???

पेंडिंग हुई तों हुई मगर कोई भी सही जानकारी देनें के लिए तैयार नहीं। काँलेज जाओं तों टीचर सब भगाता हैं तों जबाब नहीं मिलनें पर बच्चें आपस में धक्कें-मुक्की करता रहतें हैं ।

हर जगह कोई एक तों अच्छे इंसान मिल ही जातें हैं तब दों शिक्षक जिनका नाम बता नहीं सकतें हैं मगर उन दोनों शिक्षकों नें मदद किया और उनकी मदद के कारण ही सभी बच्चें नें पेडिंग के लिए पत्र लिखा। फिर जिस काँलेज में आप पढ़तें हैं उसी काँलेज की प्रधानाचार्या जी सें हस्ताक्षर और स्टैप लगावाकर फिर उस पत्र, पेडिंग रिजल्ड सब साथ में लिखकर जहाँ परिक्षा दिए थें उस काँलेज में जाकर जमा कीजिए। फिर एक बाद जाम करनें बाद जाओं तों इंतजार करवाता फिर जब मेमों और उपस्थिति सीट देनें सें पहले पैसे माँगे गए और ना देनें पर देते नहीं। सब लेनें के बाद वापस अपनें काँलेज में जाकर जमा करें। उसमें भी कोई गांरटी नहीं लेते हैं, कि रिजल्ड कब सुधरगा या नहीं सुधरेगा। इस डर के कारण सभी पेडिंग बच्चें दुबारा फॉम भरें , विश्वविद्यालय कों तों पैसा मिल गए। मगर बच्चें पेडिंग रिजल्ड सें परेशान हैं और पार्ट 2 का परिक्षा देना होगा। ऊपर सें पार्ट 3 का फार्म भरा रहा हैं बच्चें परेशान कितना हों रहें हैं।

विश्वविद्यालय कों बच्चों के लिए सोचना चाहिए कि बच्चों कों कितनी परेशानी हों रही हैं। कृप्या बच्चें के हित में सोचें ।।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# घर को पुरूष व नारी मिलकर चलाएंगे तभी तो देश खुशहाल बनेगा...

सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मू एक महिला ही आसीन हैं,महिला समानता की सबसे बड़ी मिसाल आज द्रौपदी मुर्मू को माना जा सकता है,ये देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं,द्रौपदी मुर्मू का जीवन संघर्षों से भरा रहा। तीन बच्चों के निधन के बाद पति को खोने का गम सहने वाली द्रौपदी मुर्मू ने परिस्थितियों के सामने हार नहीं मानी, बल्कि देश सेवा में अपना जीवन लगा दिया। राष्ट्र निर्माण के लिए पहले पायदान पर कार्य करते हुए राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी निभा रही हैं, जो की समानता व संघर्ष का सबसे बड़ी मिशाल कायम की ,वही दूसरी तरफ आप भी अक्सर देखे ही होंगे की अगर किसी के घर जुड़वे बच्चे हुए हो जिसमे एक लड़का दूसरा लड़की का जन्म हुआ हो तो देखा गया है कई बार की लोग बेटी को चूल्हे चौके, गुड़ियां वाली खिलौने लाकर देंगे वही लड़के को बैट बॉल, बंदुक जैसी खिलौने यही से लड़की के मन मस्तिष्क में डाल दिया जाया करते है की तुम किस लिए बनी हो, जबकि प्रत्येक बच्चे का ये अधिकार है कि उसके विकास में कोई मतभेद ना किया जाए। लेकिन लड़के लड़की के मतभेद की वजह से, आज भी बच्चो को अच्छे से बढ़ते हुए नही देखा जाता। आज भी कई जगह देखने में आया है की लड़के के जन्म में मिठाईयां बांटी जाती है और लड़की के जन्म में उसे मार तक दिया जाता है। ये भेदभाव सदियों से चला आ रहा है,ये परम्परा आज भी कुछ परिवारों में देख रहे जबकि आज के आधुनिक युग मे स्त्री व पुरुष दोनो ही कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है। दुनियां भर में नारियों की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार व सम्मान दिलाने के उद्देश्य से हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। महिला समानता दिवस नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है,इस मौके पर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है, इस दिन को मनाने की शुरुआत अमेरिका में हुई लेकिन अब भारत समेत कई देश महिला समानता दिवस को मनाते हैं।



**डॉ. विक्रम चौरसिया**
नई दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# जिताऊ प्रत्याशियों पर दांव लगायेगी कांग्रेस

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी को जो प्रत्याशी जीतने वाला लगेगा चाहे वह कितनी भी अधिक उम्र का क्यों ना हो उसे मैदान में उतारा जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बना कर हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अलग-अलग एंगल से सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे करवा रहे हैं। जिस व्यक्ति का नाम भी सर्वे में उभर कर आएगा उसको ही इस बार कांग्रेस पार्टी टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना है कि आम कार्यकर्ता से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि तक कोई भी टिकट के लिए आवेदन कर सकता है। वरिष्ठ नेता पूरी तरह से छानबीन कर अंतिम सूची में जीतने वाले नाम पर ही मोहर लगाएंगे।

जयपुर में संपन्न हुई नवगठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में कहा था कि हम चुनाव जीतेंगे। हमने प्रदेश की जनता के भले के लिए बहुत से नए काम किए हैं तथा बहुत सी नयी योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे प्रदेश की अधिकांश जनता लाभान्वित हो रही हैं। हमारे द्वारा शुरू किए गए कामों के बदौलत ही राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को फिर से जिताने का मानस बना लिया है। कांग्रेस के सभी नेता मिलजुल कर पूरी एकजुट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि भाजपा में आज भी अलग-अलग नेताओं के अलग-अलग गुट बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेशवासी कांग्रेस की ही सरकार बनाने की चर्चा करने लगे हैं।

गहलोत का कहना है कि बीजेपी तो हार मान चुकी है। जबकि हम चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। बीजेपी में दिल्ली से आकर नेता चुनाव लड़ेंगे तो जनता इनसे पूछेगी कि क्या हमारे फैसले भी आप दिल्ली से बैठकर करोगे। बीजेपी की यह स्थिति है कि उनके कार्यकर्ता पूछते हैं कि हमारा नेता कौन है। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए चेहरा तक नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा तो यह चुनाव से पहले हार मानने की स्थिति में आ गए हैं। जनता इस बात का एहसास कर रही है।

जयपुर में कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा हो या बुजुर्ग हो टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। गहलोत का मानना है कि कर्नाटक चुनाव में 90 साल के व्यक्ति को भी टिकट दिया गया था जो चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर चिंतन शिविर के घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा।

कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट जल्दी से जल्दी तय करना चाहती है। कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशियों के नाम तय कर देना चाहते हैं। इसको लेकर ब्लाक कमेटियों से लेकर प्रदेश स्तर पर गठित चुनावी समितियों की बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के सभी 25 लोकसभा सीटों पर गुजरात, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के 25 विधायकों को पार्टी पर्यवेक्षक बनाकर जिलों में भेजा गया था। इन 25 पर्यवेक्षकों में से हर एक को लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा सीटों का फीडबैक लेने का काम दिया गया था।




सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को का आयोजन कर विभिन्न नेताओं से पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया तथा पार्टी की टिकट चाहने वालों के बायोडाटा भी एकत्रित किए हैं। सभी पर्यवेक्षको ने जयपुर लौटकर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को सौंप दी है। इसके अलावा इसके अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों से भी राय मांगी जाएगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत भी चुनाव को लेकर पूरे आक्रामक मूड में है। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अपने नजदीक माने जाने वाले कांग्रेस नेताओं को जमकर फटकार लगाई। विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि तुम तो नेशनल लीडर हो। राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते। आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था। बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है।

बैठक में पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा कि मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है। मुख्यमंत्री सबका होता है मेरी प्राथमिकता सब लोग हैं। कोई बात कहां रखनी है मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया है। फिर भी यह बात बोल रहे हो।

बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी तो गहलोत ने खाचरियावास पर भी तंज कसते हुए कहा कि खाचरियावास बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ कर क्या बोल जाते हैं। केसी वेणुगोपाल जी अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं। अगर इनकी जगह मैं होता तो बता देता। गहलोत ने राज्यसभा सांसद नीरज डांगी पर भी तंज कसते हुये कहा कि आपको पार्टी ने दो बार मौके दिया जीते नहीं तो पार्टी ने राज्यसभा सांसद बना दिया। कम से कम अब तो एक विधानसभा सीट जितवाने की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिए।

चुनावी तैयारियों के नजरिये से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भाजपा से काफी आगे चल रही है। सचिन पायलट के शांत होने से पार्टी में चल रही गुटबाजी बंद हो गयी है। यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत ही पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व करगें। भाजपा द्वारा गहलोत के सामने अभी तक कोई चुनावी चेहरा नहीं उतारे जाने के चलते कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है।



**रमेश सर्राफ**
झुंझुनू, राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

CMYK

# क्या अफसरों की लापरवाही से गोठान बनी शहर की अधिकांश सड़कें ?






### » मवेशियों की मैजूदगी दे रही दुर्घटनाओं को आमंत्रण...सरकार का फरमान हाशिए पर...कार्रवाई नहीं होने से पशुपालक हैं बेखौफ

**» रात के अंधेरे में सड़कों पर जमे मवेशियों से आए दिन हो रहे हादसे**

- ओंकार पांडेय -
सूरजपुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

रात में तिलसिवां मंदिर व रिंग रोड के समीप हाइड्रा क्रेन चालक द्वारा दो गाय को कुचल देने तथा एक गाय को घायल कर देने के मामले को लेकर बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाते हुए चक्का जाम कर दिया। पुलिस समझाइश् के बाद मामला शांत हुआ। हंगामा के बाद पुलिस ने क्रेन चालक के विरुद्ध धारा 279, 429 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। लेकिन इन दिनों अफसरों के ढुलमुल रवैये के कारण शहर की सड़कों में आवारा मवेशियों के साम्राज्य बना हुआ है। बारिश में सड़कों में बैठे और विचरण कर रहे मवेशी आवागमन में मुसीबत पैदा कर रहे है वहीं दूसरी ओर दुर्घटना का कारण भी बनते जा रहे हैं। जगह जगह दर्जनों की संख्या में बैठे हुए मवेशी शहर के हर क्षेत्र में देखने को मिल जाएगा। लंबे समय से प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है इस कारण पालकों के हौसले बढ़े हुए हैं। बारिश के दिनों में सड़क सूखी होने के चलते आवारा पशुओं की जमघट लगा रहता है। सुबह हो या शाम शहर के किसी भी सड़क से गुजरे इन मवेशियों से बचकर चलना मजबूरी दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। इन्हें पशु हो जाता है। इनके कारण कई बार मालिक खला छोड़ देते हैं। कई बार मवेशी के झगड़ों में आम लोग दुर्घटन का शिकार हो चुके है। मवेशी सड़कों पर गंदगी भी कर देते हैं। इस और भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। नगर निगम के पास मवेशियों क पकड़ने लाखों का वाहन भी है इसके बावजूद कार्रवाई नहीं करना समझ परे है। पशुओं की संख्या बढ़ती ज रही है। सड़क पर खड़े मवेशियों के बीच कभी-कभी अचानक होने वाला झगड़ा वाहन चालकों और राहगीरों की जान क संकट में डाल देता है।

शहर के ही रोड, बस स्टैंड परिसर, सुभाष चौक, नेहरू पार्क, कोतवाली थाना, कलेक्टर कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय के सामने, सब्जी बाजार परिसर आदि स्थानों पर सुबह दोपहर शाम मवेशियों का सब अधिक जमावड़ा लगा रहता है।

# टिकट के दावेदारों के आवेदनों की जांच कांग्रेस ने की शुरू

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।



विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से टिकट के दावेदारों के आवेदनों की जांच और परीक्षण का काम जिला कांग्रेस कमेटी ने शुरू कर दिया है। सरगुजा जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी दस ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने ब्लॉक से एकत्र आवेदनों को ब्लॉक कांग्रेस की बैठक के प्रतिवेदन के साथ जिला कांग्रेस कमेटी को आज सौंप दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर, अंबिकापुर ग्रामीण लखनपुर, उदयपुर, दरिमा, लुंड्रा, धौरपुर, बतौली सीतापुर और मैनपाट के ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने पास एकत्र सभी उम्मीदवारों के फॉर्म देर शाम तक जिला कांग्रेस कार्यालय में जमा कर दिया। फार्म के साथ सम्बंधित ब्लाक कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक का प्रस्ताव और गोपनीय प्रतिवेदन भी बन्द लिफाफे में मंगाया गया है।जिला कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक शुक्रवार 25 अगस्त को शाम 4 राजीव भवन में होनी है।इस बैठक में जिले भर से मिले आवेदनों पर चर्चा कर नामो का पैनल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि अम्बिकापुर विधानसभा के लिए सर्वाधिक 108, सीतापुर से 16 और लुंड्रा से 14 लोगो ने टिकट मांगा है। इन तीनो ही क्षेत्र में कांग्रेस के ही विधायक हैं।

## करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत,चार दिन पूर्व ही पत्नी की हुई थी मौत



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

विद्युत कनेक्शन जोडने के दौरान एक ग्रामीण करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सबसे दुख की बात यह है कि मृतक की पत्नी की मौत चार दिन पूर्व ही बीमारी से हुई थी। चार दिन के अंदर पति-पत्नी की मौत हो जाने से परिवार में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार सूधन राम पिता स्व. अंधा मझवार लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो का रहने वाला था। चार दिन पूर्व बीमारी से इसकी पत्नी की मौत हो गई थी। घर में शोक का माहौल था। वहीं गुरुवार की शाम को सूधन घर के बाड़ी में विद्युत प्रवाहित तार से कनेक्शन कर रहा था। इस दौरान तरंगित एक तार नीचे गिरने से वह संपर्क में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की 7 वर्षीय बेटी देवमुनिया ने घटना की जानकारी गांव के पूर्व सरपंच सहित अन्य लोगों को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

## घर के परछी से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।** घर के अंदर परछी से अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति की बाइक पार कर दी। बाइक मामलिक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार आशुतोष कुजूर गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर का रहने वाला हे। वह 22 अगस्त की रात को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 0483 को घर के परछी में खड़ा किया था। रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोर द्वारा पार कर दिया गया। आशुतोष ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोरी का आरोप लगाकर फाउंडेशन के सदस्यों ने की थी मारपीट, 7 पर अपराध दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

चोरी का आरोप लगाकर रजा युनिटी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा एक युवक की बेरहमी से मारपीट करने के मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ बलवा का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 22 अगस्त की शाम को चोरी के मामले में शहर के बरेजपारा निवासी अरसद अंसारी को रजा युनिटी फाउंडेशन के सदस्यों ने उसे घर से पूछताछ के नाम पर ले गए थे। फाउंडेशन के सदस्यों ने उसे हरसागर तालाब स्थित साजिद उफ गोलू के घर ले जाकर चोरी का आरोप लगाकर लाठी डंडे व रॉड से बेदम पिटाई की थी। वहीं अरसद के घर वालों को भी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा परेशान किया जा रहा था। पीड़त युवक ने अपने साथ हुए मारपीट की जानकारी परिजन को दी। इसके बाद वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी जुबेर, यूसुफ खान, साजिद उर्फ गोलू, सिब्बू, अमीन, जमाल, चांद व अन्य के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 323 व 506 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## द्वितेंद्र मिश्रा चुने गए कांग्रेस के पुनः प्रदेश महामंत्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।



कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नई कार्यकारणी की सूची जारी होना प्रारंभ हो गया है। 24 अगस्त को पीसीसी के महामंत्री, सचिव और कार्यकारी कमेटी की सूची जारी हो गई है। सरगुजा से द्वितेंद्र मिश्रा प्रदेश महामंत्री के पद पर चुने गए हैं। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम के कार्यकारणी में भी वे प्रदेश महामंत्री के पद पर थे। द्वितेंद्र मिश्रा लंबे समय तक जिला कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख रहे हैं। वो वर्तमान में नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में एम आई सी के सदस्य भी हैं।

## ताला तोडक़र किराना दुकान से 1 लाख 52 हजार रुपए की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

**» कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र का मामला**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के कुनिया अटल चौक के पास 22 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने किराना व कपड़ा दुकान के शटर का ताला तोडक़र 7 हजार रुपए नकदी सहित लगभग 1 लाख 52 हजार का सामान पार कर दिया है। वहीं चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर भी अपने साथ ले गए हैं। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाना में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार प्रकाश यादव कुनिया कमलेश्वरपुर का रहने वाला है। इसका कुनिया चौक के पास जय लक्ष्मी ड्रेसेस एवं किराना दुकान है। वह प्रति दिन शाम को दुकान बंद कर अपने पुराना घर चला जाता है। 22 अगस्त की शाम को 6.30 बजे शराब के नशे में बिहार, झारखंड के तीन मिस्त्री दुकान के पास आए थे और बैठे थे। इधर प्रकाश यादव दुकान बंद कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह करीब 8.30 बजे आशुतोष बधिया फोन कर जानकारी दिया कि आपका दुकान खुला है और आवाज देने पर कोई बाहर नहीं निकल रहा है। सूचना पर प्रकाश अपने दुकान पहुंचा तो देखा की शटर का ताला तोडक़र कहीं दूसरे जगह फेंका हुआ है और शटर आधी खुली हुई है। अंदर रजाकर देखा तो किराना सामान व कपड़ा बिखरा पड़ा है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरा 3 नग, एलइडी टीवी 1, डीवीआर 1, हार्ड डीक्स मेमोरी 1, पावर सपलाई 1, सेट आप बॉक्स 1 सहित किराना सामान व कपड़ा पार कर दिया है। वहीं इसके अलावा चोरों ने काउंटर में रखे 7 हजार रुपए नकदी भी पार कर दिया है। कुल चोरी 1 लाख 52 हजार रुपए की बताई जा रही है। दुकान संचालक प्रकाश यादव ने मामले की रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनजर जिले के मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा रक्षाबन्धन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री की संभावना पर समस्त मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मिलावट की आशंका के मददेनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा अम्बिकापुर के चांदनी चौक स्थित मेसर्स स्वास्तिक बंगाल स्वीट्स से छेना रसगुल्ला, न्यू बस स्टैंड मेसर्स अनिल डेयरी से गाय का दूध, मेसर्स प्रभु डेयरी से गाय का दूध, बनारस रोड मेसर्स प्यूरिल केयर से दूध के सैंपल लिए गए। उक्त खाद्य नमूनों को परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से मिष्ठान एवं डेयरी विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के अनुसूचि 4 अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रभारी ओम माथुर दो दिवसीय सरगुजा प्रवास पर

**कल भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में होंगे शामिल**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओम माथुर 25 अगस्त को अपने दो दिवसीय सरगुजा प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि बीजेपी छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर कल शाम को भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि माथुर के साथ भाजपा छत्तीसगढ़ सह प्रभारी नितिन नबीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव तथा भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे भी उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने जिला कार्यसमिति बैठक तथा छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर के स्वागत कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# चंद्रयान-3 के सफलता पर एस आर वी एम ने मनाई खुशियां




- संवाददाता -
सूरजपुर ,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चांद पर लैंडिंग कराकर भारत ने अभूतपुर्व सफलता हासिल की है। जिसके लिए पूरे भारत में खुशियां मनाई जा रही है। साधुराम विद्या मंदिर सूरजपुर के छात्रों ने भी चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग के लिए तिरंगा झंडा लहराकर खुशियां मनाई।

इस अवसर पर छात्रों को चंद्रयान की कामयाबी के विषय में बताया गया तथा उसके अनेक पहलुओं पर चर्चा किया गया। इस ऐतिहासिक दिन को सभी छात्रों ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से पूरे अभियान पर अंतिम क्षण तक अपनी नज़रें बनाए रखा तथा इस ऐतिहासिक क्षण के भागीदार बने। वैज्ञानिकों के अथक प्रयास एवं कामयाबी के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाइयां दी। अभियान में लेंडर मॉड्यूल की सफलता के बाद अब आने वाले रोवर मॉड्यूल की सफलता के लिए सभी ने कामना भी की । इस खुशी के मौके पर एस आर वी एम के प्रबंधन समिति एवं विद्यालय परिवार साथ रहे।

# नए सीईओ की पदस्थापना के बाद जनपद पंचायत की व्यवस्था चरमराई

- संवाददाता -
प्रतापपुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।




एक तरफ जहां शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ रखने प्रति वर्ष करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं वहीं दूसरी ओर अधिकारी हैं कि पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त करने में लगे हैं।

यहां बात कर रहे हैं जनपद पंचायत प्रतापपुर की जहां न?ए सीईओ पारस राम पैकरा की पदस्थापना के बाद से ही पंचायतों में अव्यवस्थाओं का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि लगभग तीन माह से जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डांड़करवां, गोरगी व धूमाडांड़ इन तीनों पंचायतों की जिम्मेदारी अकेले संभाल रहे सचिव अनिल गुप्ता को तो जिला पंचायत कार्यालय में संलग्न कर दिया गया पर अभी तक इन तीनों ही पंचायतों में जनपद पंचायत सीईओ ने न?ए सचिव की पदस्थापना नहीं की है जिसके कारण तीनों पंचायतें सचिव रहित हो गई हैं। पंचायतों के सचिव रहित हो जाने से विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा पंचायतों के खातों में भेजे ग?ई राशि पंचायतों के खातों में ही अटकी पड़ी है। इस संबंध में तीनों ही पंचायतों के सरपंचों का कहना है कि सचिव के हस्ताक्षर के बगैर वे पंचायतों के खातों से राशि नहीं निकाल पा रहे जिसके कारण पंचायतों के विकास कार्य अवरुद्ध हो ग?ए हैं। ऊपर से ग्रामीण भी सचिव के न रहने से अपने छोटे छोटे कामों के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। बताया जा रहा है कि सचिव अनिल गुप्ता को जिला पंचायत में संलग्न किए जाने के बाद भी वे अधिकारियों की मेहरबानी से जिले में न जाकर उक्त तीनों पंचायतों में ही यथावत बने हुए हैं पर पंचायतों का कोई भी कार्य नहीं कर रहे हैं। ऊपर से आश्चर्य का विषय तो यह है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष जगत लाल आयम द्वारा उक्त मामले की जानकारी जनपद पंचायत सीईओ पारस राम पैकरा को देने के बाद भी वे मौन बने हुए हैं।

**एक अन्य पंचायत में भी यही स्थिति**

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चाचीडांड़ भी सचिव रहित बनी हुई है। बता दें कि यहां के सचिव के ऊपर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए अनियमितताओं के आरोप के बाद तत्कालीन सीईओ मो निजामुद्दीन ने उसे हटाते हुए उसके स्थान पर एक न?ए सचिव को पदस्थ किया था पर उक्त सचिव है कि न?ए सचिव को प्रभार देने का नाम नहीं ले रहा है जिसके कारण इस पंचायत के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं साथ ही क?ई ग्रामीणों को मिल रही पेंशन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

*सचिवों की पदस्थापना के संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव मिलने पश्चात सचिवों की पदस्थापना कर दी जाएगी।*

**नीलम कोशाम**
**जिला पंचायत सीईओ**

## उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा अंबिकापुर व सूरजपुर न्यायालय का करेंगे निरीक्षण

अंबिकापुर,24 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा 25 अगस्त 2023 को दोपहर 3 बजे कार द्वारा बिलासपुर से मैनपाट के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम 7:30 बजे मैनपाट पहुंचकर वन विभाग के विश्राम गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। 26 अगस्त 2023 को प्रातः 8:30 बजे सूरजपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10:15 बजे सूरजपुर पहुंचकर सूरजपुर जिला न्यायालय का निरीक्षण करेंगे। प्रातः 11:00 बजे सूरजपुर से सर्किट हाउस अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12:00 बजे अम्बिकापुर विश्राम गृह पहुंचेंगे तथा दोपहर 1:30 बजे जिला न्यायालय सरगुजा का निरीक्षण करेंगे। ततपश्चात वे दोपहर 2:30 बजे अंबिकापुर से मैनपाट के लिए प्रस्थान करेंगे। सिन्हा 27 अगस्त 2023 को मैनपाट के पर्यटन स्थलों का निरीक्षण करेंगे तथा दोपहर 3 बजे मैनपाट से सडक़ मार्ग द्वारा बिलासपुर के लिए रवाना होंगे।

# चंद्रभूषण से ईडी उगलवा रही हर महीने मोटी रकम लेने वालों के नाम

## छत्तीसगढ़ में एएसआई चंद्रभूषण हर महीने पुलिस अफसरों और नेताओं को बांटता था लाखों रुपए




**रायपुर,24 अगस्त 2023(ए)।** ईडी की रिमांड में पूछताछ के दौरान एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने उन पुलिस अफसरों और क्षेत्रीय नेताओं के नाम उगलना शुरू कर दिया है, जिन्हें वो महादेव सट्टा एप संचालन के एवज में मोटी रकम दिया करता था। दुबई के प्रमोटरों से हवाला के जरिए से हर महीने लाखों रूपये लेता और इसे सीनियर पुलिस अफसरों को देता था।

ईडी के मुताबिक एएसआई चंद्रभूषण वर्मा को मुख्य लाइजनर मानकर उससे राज़ उगलवाने में पूरा अफर्ड लगा रही ही। अन्य आरोपियों से भी रिमांड के दौरान राजनेताओं को भी सट्टा की राशि का लेनदेन किये जाने वालों के नाम पता कर ली है। बता दें कि पहले दिन ही ईडी ने लंबी चली पूछताछ में महादेव एप के प्रमोटरों से पैसा लेने वालों की फेहरिस्त बना ली है।

चारों आरोपियों को 6 दिन की रिमांड में रहते हुए ही बताये गए पुलिस अधिकारियों और इनसे पैसा लेने वाले अन्य लोगों को भी श्वष्ठ तालाब करेगी। सूत्रों की मानें तो तीन पुलिस रेंज के आला से लेकर मझोले अफसरों और थाना स्तर के मातहत स्टाफ तक को एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने उपकृत किया है।

### पैसे नहीं लेने वालों को विदेश टूर

ईडी की पूछताछ में एएसआई चंद्रभूषण वर्मा से यह भी पता चला है कि कुछ अधिकारीयों को महादेव सट्टा एप के पैसों से परिवार समेत महकमे के लोगों को फॉरेन टूर भी करवाया है। ईडी की अब तक की जांच से पता चला है कि करीब 65 करोड़ रुपये नकद मिले हैं। जिसे चंद्रभूषण वर्मा ने रिसीव किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत बांटा है। एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, कारोबारी अनिल दामानी और सुनील दामानी को आरोपी बनाया गया है।

### पुलिस-नेता सट्टेबाजी के खिलाफ आंखें बंद रखे

यहां बैंक खाते और वॉट्सऐप नंबर बार-बार बदले जाते थे। अगर कहीं एफआईआर दर्ज भी होती है तो आमतौर पर केवल छोटे स्तर के सट्टेबाजों या पैनल ऑपरेटरों को ही गिरफ्तार किया जाता है। विदेश में बैठे मुख्य आरोपी अब भी ईडी की गिरफ्त से बाहर हैं। यहां ईडी का ये भी कहना है कि पुलिस और नेताओं ने अवैध सट्टेबाजी के गलत असर को देखने के बावजूद सभी ने अपनी आंखें बंद कर लीं थी। इसका असर कुछ ऐसा था कि भिलाई के युवा बड़ी संख्या में दुबई पहुंचे और इसे ऑपरेट करने की ट्रेनिंग लेकर भारत वापस लौटे और खुद का पैनल शुरू कर दिया।


### युसूफ पोट्टी का भी पुलिस-नेताओं से संबंध

रायपुर पुलिस की गिरफ्त से बहार कोई युसूफ पोट्टी नामका युवक भी महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों का पुराण दोस्त है। रायपुर की पुलिस क्राइम यूनिट को भी उसकी तलाश है। मौदहापारा का रहने वाला युसूफ का कांग्रेस के एक मंत्री, बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता और एक आईएफएस के पुलिस अधिकारी भाई से गहरे संबंध हैं। ऊंची पहुंच पहचान का ही नतीजा है कि रायपुर पुलिस की क्राइम यूनिट के एक्सपर्ट अफसरों को सब साथी मिल गए लेकिन युसूफ भर उनसे तेज निकला और अब तक हाथ नहीं आया है। बताते हैं कि युसूफ को जानने वाले आश्चर्यचकित हैं कि महज कबाड़ का छोटा मोटा धंधा करने वाला करोड़पति कैसे बन गया। इसे पुलिस भी रायपुर समेत ओडिशा तक का महादेव एप संचालन का मुख्य हीरो मानती है। युसूफ की सोशल मिडिया में पुलिस अफसर-नेताओं के साथ आत्मीयता भरी फोटो भी चर्चा का विषय है।

# ईडी ने मेरे घर पर की लूट-डकैती : विनोद वर्मा

» **सीएम के राजनीतिक सलाहकार ने ईडी पर साधा निशाना...**

**रायपुर,24 अगस्त 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छत्तीसगढ़ में की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही की चपेट में आए सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने आज एक प्रेसवार्ता लेकर अपनी बात रखी है।



उन्होंने कहा कि मैंने अपने घर से बरामद सोने के सभी बिल पेश कर दिए हैं। फिर भी ईडी ने यह कहते हुए सारा सोना जब्त किया है कि इसे प्रमाणित करने के बाद आपके पास कोई ठोस सबूत नहीं है। ईडी ने यहां तक कहा है कि यह भी प्रमाणित नहीं होता कि सोना कहां से लिया गया है। श्री वर्मा ने कहा कि यह सीधे-सीधे ईडी की लूट और डकैती है जो कि मेरे घर में किया गया है।

उन्होंने कहा कि मेरा पत्रकारिता का जो पेशेवर जीवन है वह बहुत बड़ा है। उसकी तुलना में राजनीतिक जीवन थोड़ा छोटा है। पर मैं आपको ये कहना चाहता हूं कि मैं मेरे घर में जो धूल है, वह भी मेरे पैर की ही है। अगर उसमें कुछ और शामिल है तो आप जैसे मित्रों के घर आने से जो धूल आती होगी वही होगी। उसके अलावा मेरे पास कुछ भी नहीं है, जिस पर आप शक कर सके। मेरे घर में कल डकैती हुई है, लूट हुई है। मैं पुख्ता आधार पर ये कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि ईडी ने जो बयान लिया है उसमें भी मैंने यह दर्ज करवाया है कि आप मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं और जो कुछ भी आप कर रहे हैं और डकैती है, लूट है। जितना सोना मेरे घर में मिला वह 2005 में मैंने पहली बार खुद खरीदा था।

# इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

## बैंक खाते में जमा हुए डेढ़ करोड़ रुपए, खाताधारकों को जल्द वापस की जाएगी राशि

**रायपुर,24 अगस्त 2023(ए)।** प्रदेश में बहुचर्चित इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले के खाताधारकों के लिए अच्छी खबर है. चिटफंड कंपनी के ठगे गए ग्राहकों की तरह अब इंदिरा बैंक के खातेदार को भी रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।




पुलिस की कार्यवाही और नोटिस के बाद अब तक तीन से चार कंपनियों ने बैंक के खाते में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए जमा कर दिए हैं. इसके चलते उन खातेदारों की सूची बनाई जा रही है, जिन्हें रकम लौटाना है.

इस मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें लगभग 300 खाता धारक नहीं मिल रहे हैं. वहीं कुछ खाता धारक बैंक में रकम डूबने के बाद शहर छोड़कर चले गए. इन सबका पता लगाया जा रहा है, ताकि संबंधित रकम को लौटाया जा सके. पुलिस की जांच में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के जिन 35 कंपनियों के नाम वित्तीय गड़बड़ी में शामिल हुए थे, उनके सभी डायरेक्टर रायपुर में ही हैं.

बताया जा रहा कि इस बैंक घोटाले से जुड़े नीरज जैन ने अलग-अलग कंपनियों के नाम से 20 लाख से 2 करोड़ तक का क्रेडिट लिमिट बनाया और लिमिट के पैसों से सभी कंपनियों के नाम से शेयर खरीदे थे. मामले की जांच को लेकर लगातार सिटी कोतवाली थाना में संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है. इस मामले की जानकारी देते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विनीत दुबे ने बताया कि लगभग 1 करोड़ 45 लख रुपए इंदिरा प्रियदर्शिनी दर्शनी के खाते में वापस जमा हो चुके हैं।

### बैंक में थे 30 हजार खाताधारक

थाना प्रभारी ने बताया, अभी 30 से 35 लोगों को नोटिस जारी किया गया है. प्रकरण बहुत पुराना है. 30 हजार खाता धारक पूरे बैंक में थे, जिसमें से कुछ खाताधारकों के एड्रेस बदल गए हैं. कोई कहीं चले गए हैं. ऐसे लोगों के एड्रेस ढूंढ कर पता किया जा रहा है. वहीं प्रियदर्शनी मामले में जिस भी कंपनी के बारे में जानकारी नहीं थी उन कंपनियों के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है कि किन फर्जी कंपनी के खाते से पैसे कहां गए हैं. अभी विवेचना चल रही है और लगभग 1 करोड़ 45 लख रुपए इंदिरा प्रियदर्शिनी के खाते में वापस जमा हो चुके हैं.

# ग्राउंड रियलिटी के आधार पर ही होगा प्रत्याशी का चयन

» **आदिवासी समुदाय से साथ मिलने की कांग्रेस को पूरी उम्मीद**

» **कांग्रेस प्रभारी सैलजा के समक्ष दावेदारों ने जमकर किया शक्ति प्रदर्शन**

**रायपुर/राजनांदगांव ,24 अगस्त 2023(ए)।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुश्री सैलजा राजनांदगांव के दौरे पर पहुंची। इस मौके पर सैलजा के सामने टिकट के दावेदारों ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद लिए दावेदारों ने उनके स्वागत-सत्कार में कोई कसर नहीं छोड़ी। शहर के अलग-अलग चौक-चौराहों में उनका स्वागत करने के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी।



### बैनर-पोस्टर से पट गया शहर

प्रदेश प्रभारी सैलजा के स्वागत के लिए शहर भर में दावेदारों ने बैनर और पोस्टर लगाए। पहले राजनीतिक प्रवास पर पहुंची सैलजा के समक्ष दावेदारों ने पार्टी आलाकमान और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाए गए। कार्यकर्ताओं ने प्रभारी सैलजा और प्रदेश प्रभारी सचिव चंदन यादव के लिए भी जिंदाबाद के नारे लगाए। उनके स्वागत में कांग्रेसजनों ने पुष्पवर्षा की।

गौरतलब है कि अविभाजित राजनांदगांव के छह सीटों के दावेदारों ने हाल ही में ब्लॉकों में अपने आवेदन जमा किए हैं। कांग्रेस में टिकट के लिए मारामारी की भी नौबत दिख रही है। सत्तारूढ़ दल होने के कारण कांग्रेस से टिकट हासिल करने दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है। प्रदेश प्रभारी संगठन के स्थानीय प्रमुख नेताओं से भी चर्चा करेंगी।

### बैनर-पोस्टर से फीडबैक का पता नहीं चलता : सैलजा

इस मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सैलजा ने कहा कांग्रेस के नेताओं ने उनके स्वागत में बैनर-पोस्टर लगाए हैं, उनका भव्य स्वागत किया है। ये उनके उत्साह को दिखाता है। हालांकि इस तरह का स्वागत टिकट का कोई पैमाना नहीं होता है। उन्होंने कहा कि नेताओं के फीडबैक और ग्राउंड रियलिटी के आधार पर ही टिकट तय होंगे। सैलजा ने कहा कि गुटबाजी तो सभी जगह नजर आती है मगर चुनाव सभी मिलकर लड़ते हैं। इस दौरान अनुशासनहीनता बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी ऐसे मामलों में कड़ाई से एक्शन लेगी।

### आम चुनाव में आदिवासी देंगे हमारा साथ

एक सवाल के जवाब में सैलजा ने कहा कि आने वाले आम चुनाव में आदिवासी भाई-बहन कांग्रेस पार्टी का पूरी तरह साथ देंगे। चंद आदिवासी संगठन आदिवासियों को अपने हाथों का खिलौना बनाना चाहते हैं मगर ये समुदाय ऐसा नहीं होने देगा। इसकी पूरी उम्मीद कांग्रेस पार्टी को है। इस दौरे में सैलजा के साथ प्रदेश के मंत्री मोहम्मद अकबर, प्रभारी सचिव चन्दन यादव भी मौजूद रहे।

### मुदलियार की प्रतिमा पर माल्यार्पण

प्रदेश प्रभारी सैलजा ने झीरम नक्सल हमले में दिवंगत नेता स्व. उदय मुदलियार की प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रभारी ने मुदलियार के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को अक्षुण्ण करार दिया। सैलजा ने स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौराहे पर स्थित मूर्ति में श्रद्धासुमन के फूल अर्पित किए। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुदलियार अमर रहे के नारे लगाए। उधर युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने भी स्वागत-सत्कार में पूरा जोर लगा दिया। उनके समर्थकों ने नारेबाजी करते प्रदेश प्रभारी का आत्मीय अभिनंदन किया।

राजनांदगांव शहर में प्रदेश प्रभारी का स्वागत करने वाले अन्य नेताओं में महापौर हेमा देशमुख सहित कई अन्य नेता शामिल रहे। बताया जा रहा है कि हेमा भी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छुक हैं।

# छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना को उत्तर प्रदेश सरकार ने किया पुरस्कृत

**रायपुर,24 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना अपने डिजिटल नवाचार के लिए उत्तरप्रदेश में सराही गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिजिटल नवाचार में उत्कृष्ट परियोजना श्रेणी में मुख्यमंत्री मितान योजना को पुरस्कृत किया है। यह पुरस्कार लखनऊ में हुए सम्मान समारोह में दिया गया। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश योजना एवं निवेश कान्क्लेव में दिया गया। इस कान्क्लेव का आयोजन उत्तरप्रदेश सरकार तथा इलेट्स ने किया था। मुख्यमंत्री मितान योजना के लिए छत्तीसगढ़ को यह सम्मान डिजिटल माध्यम का उपयोग करते हुए नगरीय सेवाओं को आसानी से आम जनता को उपलब्ध कराने दिया गया। कान्क्लेव में कहा गया कि डिजिटल माध्यम से लोगों को सुविधाओं तक पहुंच आसान होती है। साथ ही इसमें पारदर्शिता भी बढ़ती है। नगरीय निकायों में दी जाने वाली सुविधाओं के लिए डिजिटल माध्यम के उपयोग से नागरिकों को काफी राहत मिलती है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री मितान योजना का नवाचार लाखों नगरवासियों के लिए काफी राहत भरी योजना है। इससे भागदौड़ भरी जिंदगी में रह रही बड़ी नागरिक आबादी को निगम की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।




उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नागरिक सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण और समय पर डिलीवरी के लिए यह योजना तैयार की गई है। मितान योजना के माध्यम से अब तक एक लाख बीस हजार सर्टिफिकेट दिये जा चुके हैं। मितान योजना के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में 25 तरह की सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। इसमें टोल फ्री नंबर 14545 में काल करना होता है। इसके बाद मितान आपसे संपर्क करते हैं। निर्धारित दिन शेड्यूल कर दिया जाता है। सारे जरूरी प्रमाणपत्र मितान स्कैन कर लेते हैं और निगम कार्यालय जाए बगैर नागरिक का काम आसानी से हो जाता है। पहले प्रदेश के 14 नगरीय निकायों में यह व्यवस्था लागू थी अब सभी नगरपालिकाओं में भी यह व्यवस्था लागू हो गई है।

मुख्यमंत्री मितान योजना के लागू हो जाने के बाद आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, भूमि के रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज जैसी बुनियादी सुविधाएं बहुत आसानी से मितान के माध्यम से लोगों को प्राप्त हो रही हैं।

# सब इंस्पेक्टर भर्ती में गड़बड़ियों को लेकर 100 से भी अधिक याचिकाएं

» **बंद लिफाफे में मांगी जांच रिपोर्ट**

**बिलासपुर,24 अगस्त 2023 (ए)।** प्रदेश में भाजपा सरकार के समय शुरू हुई सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पदों की संख्या बढ़ाकर परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया। इसके बाद सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर सहित अन्य पदों पर हो रही भर्तियों में गड़बड़ियों का आरोप लगते हुए 105 से भी ज्यादा याचिकाएं दायर कर दी गईं। इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जांच कर बंद लिफाफे में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई अब 19 सितंबर को होगी।



### देरी के विरोध में करना पड़ा था आंदोलन

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (रेडियो), सब इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) सहित अन्य 971 पदों पर भर्ती के लिए 13 सितंबर 2021 को विज्ञापन जारी किया था। मगर परीक्षा में हो रही देरी को लेकर अभ्यर्थियों को आंदोलन करना पड़ा था। 29 जनवरी 2023 को अंबिकापुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर में परीक्षा आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद हाईकोर्ट में 105 याचिकाएं लगाई गई हैं।

### कई तरह की गड़बड़ियों का आरोप

याचिकाओं में अलग-अलग गड़बड़ियों को आधार बनाया गया है। सभी मामलों पर जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान कुछ अन्य गड़बड़ियों की तरफ ध्यान दिलाया गया। हाईकोर्ट ने तथ्यों की जांच और परीक्षण करने के बाद बंद लिफाफे में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए 19 सितंबर को अगली सुनवाई तय की है।

गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने भर्ती में गलतियों-विसंगतियों को दूर करने के लिए राज्य सरकार को आदेश दिए थे। फिलहाल प्रकरण हाईकोर्ट में है और मामले की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की सुनवाई होगी।

# शराब,कोयला के बाद सरकार के तार अब सट्टा से भी जुड़े



**रायपुर ,24 अगस्त 2023 (ए)।** ईडी के छापे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक हम सरकार के शराब घोटाला, कोयला घोटाला और चावल घोटाला को गिनते थे। अब यह मालूम चला कि सरकार के तार सट्टा से भी जुड़े हुए हैं।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सरकार को मंथली मोटी रकम दिया जाता था, इसे प्रमाण और साक्ष्य के साथ ईडी ने पेश किया है। महादेव एप के नाम पर जुआ, सट्टा के प्रशिक्षण के लिए दुबई भेजा जाता था. यही कौशल उन्नयन सरकार कर रही है। वहीं विनोद वर्मा के सीडी बंटवाए जाने के आरोप पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सीडी लहराते हुए आप लोगों ने दिखाया था, इसमें हमारा हाथ है, या भूपेश जी का। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो पैसे जब्त हो रहे हैं, वह कांग्रेस वालों के पास से हो रहे हैं। भाजपा वालों के पास नहीं। मोटी रकम कहां से ली जा रही है, ईडी ने प्रमाणित किया है और 75 करोड़ का हिसाब दिया है।

# अब रुलाने लगी प्याज

**रायपुर ,24 अगस्त 2023 (ए)।**



बीते लगभग दो महीने से टमाटर की महंगाइ से त्रस्त आम उपभोक्ताओं को रुलाने के लिए अब प्याज तैयार हो रही है। एक ओर सब्जी बाजार में टमाटर के दाम लगातार सस्ते होते जा रहे हैं, वहीं प्याज की कीमतों में तेजी आ रही हैथोक सब्जी बाजार में टमाटर 25 रुपये किलो और चिल्हर में 40 से 45 रुपये किलो तक बिका। वहीं प्याज की कीमतें भी 35 से 40 रुपये किलो हो गई है। हालांकि आलू की कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। कारोबारियों का कहना है कि प्याज की आवक थोड़ी प्रभावित हुई है,इसके चलते ही कीमतों में तेजी है।

# रक्षा बंधन के बाद भाजपा की 32 प्रत्याशियों की दूसरी सूची होगी जारी

**रायपुर,24अगस्त2023(ए)।** विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 21 प्रत्याशी घोषित करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। अब भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची रक्षाबंधन के बाद आने की चर्चा है। इसे लेकर प्रदेश प्रभारी सहित आला नेताओं की प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मंथन किया। बताया जा रहा है कि दूसरी सूची में 32 प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। इसमें बस्तर, बिलासपुर संभाग की पांच, सरगुजा की सात, रायपुर संभाग की छह और दुर्ग संभाग की दस सीट हैं। इस सूची में मंत्रियों की विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे।भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो दूसरी सूची में उन नेताओं के नाम भी शामिल होंगे, जिन्होंने पिछले दिनों पार्टी में प्रवेश किया है। सतनामी समाज के धर्मगुरु बाबा बालदास ने भाजपा प्रवेश किया है। उनके बेटे गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी की है। वहीं, बुधवार को नौकरी से इस्तीफा देकर राजनीति में आए आइएएस नीलकंठ टेकाम पार्टी की सदस्यता लेंगे। टेकाम कांकेर या कोंडागांव की किसी सीट से दावेदारी कर रहे हैं।

CMYK

# कांग्रेस में दावेदारी से जुड़ा मामलाःविधायक पद के लिए दावेदारों की ऐसी लगी लाइन जैसे लगा हो रोजगार मेला

क्या विधायक नंबर दो का परफॉर्मेंस 3 से बेहतर सिर्फ 21 लोगों ने उनके विरुद्ध दावेदारी पेश की ?

बेरोजगार जिस तरह रोजगार के लिए लगाते हैं लाइन वैसे ही नजर आई विधायक पद के दावेदारों की लाइन

बैकुंठपुर विधानसभा से विधायक सहित 52 लोगों ने कांग्रेस पार्टी से विधायक पद के लिए दावेदारी पेश की

इतनी बड़ी संख्या में एक विधानसभा में विधायक प्रत्याशी की दावेदारी देखने को मिली...ऐसा आज तक कभी नहीं देखा गया

अभिभाजित कोरिया के तीनों विधानसभा में विधानसभा क्रमांक 1 में गुलाब कमरों के अलावा कोई प्रत्याशी नहीं

## बैकुंठपुर विधायक के खिलाफ दावेदारों की संख्या अर्धशतक के करीब,मनेन्द्रगढ़ विधायक के खिलाफ 21 आवेदन, भरतपुर सोनहत विधायक के खिलाफ कोई आवेदन नहीं

## बैकुंठपुर विधायक के खिलाफ 50 से अधिक लोगों ने आवेदन भर के दावेदारी पेश की...इतने आवेदन से विधायक की छवि पर उठा सवाल

### मनेंद्रगढ़ विधायक सहित 22 ने किया विधानसभा क्रमांक 2 से दावेदारी

अविभाजित कोरिया जिले से वर्तमान तीनो विधायक ही चुनाव लडेंगे कांग्रेस पार्टी से यह विधानसभा अध्यक्ष घोषणा कर चुके हैं बावजूद इसके केवल एक विधानसभा विधानसभा क्रमांक 1 ही ऐसा रहा जहां वर्तमान के विरोध में या दावेदारी स्वरूप भी एक भी दावेदार आवेदन जमा करने नहीं पहुंचा,क्रमांक 3 में जहां दावेदारों के अर्धशतक का आंकड़ा पूरा किया वहीं क्रमांक 2 में दावेदारों की संख्या 22 तक पहुंची। कुल मिलाकर क्रमांक 2 जो अविभाजित कोरिया जिले का ही एक विधानसभा है वहां भी वर्तमान विधायक अपने विरुद्ध अन्य दावेदारों को दावेदारी करने से रोक नहीं सके और यह उनकी घटती लोकप्रियता मानी जायेगी।

### बैकुंठपुर विधायक ने अपनी दावेदारी रद्द होने से बचने खुद ही भय में दर्ज कराई दर्जनों दावेदारी-सूत्र

बैकुंठपुर विधानसभा में दावेदारी करने वालो की संख्या अर्धशतक के करीब है और इतनी बड़ी संख्या में दावेदारी स्वेक्षा से खुद लोगों ने किया ऐसा सूत्र नहीं मानते उनका मानना है की सबसे ज्यादा दावेदारी स्वयं वर्तमान विधायक ने दर्ज कराई है अपने निज सचिव तक को उन्होंने दावेदार बनाया है सूत्रों का कहना है की विधायक विधानसभा अध्यक्ष के उस बयान के बावजूद की वर्तमान ही दावेदार होंगे भयभीत थीं और उन्हे ऐसा लगता था की उनकी लोकप्रियता और स्वीकार्यता पार्टी में भी नहीं है इसलिए उन्होंने अपने खास समर्थकों को दावेदारी करने निर्देशित कर दिया और यह सबसे बड़ी वजह बनी दावेदारों की संख्या बढ़ने की,विधायक का भय देखकर उनके लोगों की दावेदारी सामने आते देखकर अन्य प्रबल दावेदारों ने पूरी प्रकिया को एक मजाक इसलिए बना दिया जिससे विधायक भयभीत बनी रहें और अन्य ने भी अपने अपने समर्थकों को दावेदारी करने भेज दिया इस तरह संख्या अर्धशतक तक जा पहुंची।

-रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी,24 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव सामने हैं नजदीक हैं जिसे लेकर दोनों दल प्रत्याशी तय करना चाहते हैं, जहां एक तरफ भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी तय कर सूची जारी कर रही है, वहीं कांग्रेस में प्रत्याशियों की दावेदारी हो रही है, दावेदारी भी ऐसी हो रही है जैसे लग रहा है कि रोजगार के लिए बेरोजगार आवेदन कर रहे हैं, जिन्हे कोई जानता पहचानता नहीं जो किसी विधायक मंत्री के साथ घूमने मात्र से अपनी पहचान बना पाए हैं जो कभी जनसेवा के लिए घर से निकले ही नहीं जिन्हे विधानसभा में शामिल ग्राम और मतदाताओं की संख्या सहित जरूरी जानकारी भी नहीं है वह भी हांथ में दावेदारी का फार्म लिए नजर आए और अपनी दावेदारी उन्होंने प्रस्तुत की, विधायक पद के लिए ऐसे लोग प्रत्याशियों की संख्या बढ़ा रहे हैं आखिर यह संख्या बढ़ाकर क्या साबित करना चाह रहे हैं? पर यदि दूसरे नजरिया से देखा जाए तो फॉर्म भरने वाले में लगभग लोग बेरोजगार हैं और क्या इसीलिए







एक पद के रोजगार में वह आवेदन कर रहें हैं कि उन्हें रोजगार मिल जाए और 5 साल में उनका जीवन संभल जाए? खुद की पार्टी में बेरोजगार महसूस करने वाले क्या यही सोच के विधायक पद की दावेदारी कर रहे हैं कि उन्हें एक पद पर रोजगार ही मिल जाए? क्या विधायक का पद अब रोजगार की दृष्टि से देखा जा रहा बड़ा सवाल है? वैसे कांग्रेस पार्टी इसे लोकतांत्रिक प्रणाली का हिस्सा बता रही है और वह कह रही है की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जहां आंतरिक लोकतंत्र है और पार्टी का हर कार्यकर्ता दावेदारी कर सकता है, वहीं यदि पार्टी के ही कुछ बड़े नेताओं का बयान हाल फिलहाल का सुना जाए तो यह भी समझ में आता है की पार्टी का




आंतरिक लोकतंत्र और पार्टी लोकतांत्रिक प्रणाली से दावेदार तय करेगी यह बातें केवल एक शिगुफा साबित होती नजर आएंगी, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष का एमसीबी जिले में दिया गया बयान की किसी भी वर्तमान विधायक का टिकट अविभाजित कोरिया जिले में नहीं कट रहा है और उप मुख्यमंत्री का यह बयान एक टीवी चैनल में की जैसे की मुख्यमंत्री का टिकट तय है सभी जानते हैं, उनका टिकट नहीं कटेगा लेकिन आवेदन दावेदारी उनके विधानसभा में भी होगी, और सभी विधानसभा से केवल एक नाम ही स्क्रीनिंग कमेटी के पास भेजने का प्रयास किया जाएगा जो आपसी सामंजस्य से भेजा जाएगा।

### क्या जागती आंखों से सपना देख रहे कांग्रेसी ?

दो बड़े नेता यह स्पष्ट कर चुके हैं की दावेदारी करना है वह करे पार्टी ने एक व्यवस्था बना दी है लेकिन जो तय होना था वह हो चुका है और यह मात्र केवल एक अभियान है एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमे आवेदन करने वाला टिकट पाए न पाए, जो पाएगा नहीं और जिसे मिलना है वह तय हो चुका है, शेष जो आवेदन कर रहें हैं वह यह मानकर संतुष्ट हो सकें की आंतरिक लोकतंत्र था, इसलिए वह विधायक बनने का सपना तो देख सके भले वह यह जानकर जागती आंखों से सपना देख रहे थे, जबकि उन्हे मालूम था वह एक झूठ को झूठ मानकर भी उसे सच मानने मजबूर हैं, क्योंकि उन्हें यदि पार्टी में मान सम्मान के साथ रहना है तो दिखाया जा रहा सपना उन्हे देखना है।

### प्रदेश के विधानसभा क्रमांक 1 के विधायक गुलाब कमरों निकले बहुत शातिर

प्रदेश के कुछ ही विधानसभा सत्ताधारी दल के लिए उनकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत दावेदार ढूंढेने के मामले में ऐसे रहे जहां एक से अधिक दावेदार सामने नहीं आए, उनमें से एक है प्रदेश का विधानसभा क्रमांक 1 इस विधानसभा में केवल एक ही दावेदार ने अपनी दावेदारी कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष को प्रस्तुत की और वह अकेले ही दावेदार हैं यह उन्होंने साबित किया, अपने विधानसभा में सिर्फ वह स्वयं ही विधायक के दावेदार हैं इसके अलावा कोई भी दावेदारी उनके सामने नहीं कर पाया, पर सूत्रों की माने तो गुलाब कमरों ने विधानसभा क्रमांक 2 विधानसभा क्रमांक 3 दोनों को प्रभावित करने का प्रयास किया, बताया जा रहा है कि दोनों जगह पर कुछ ऐसे दावेदार थे जो गुलाब कमरों के कहने पर क्रमशः क्रमांक 2 व 3 से दावेदारी की और जब इसका खुलासा हो गया उन्हे पार्टी के दबाव की वजह से उन्होंने ही उनकी दावेदारी वापस करा ली, वैसे गुलाब कमरों यदि अन्य विधानसभा में दावेदार खड़ा कर सकते हैं तो वह चूंकि अन्य दो विधानसभा में अपनी पकड़ रखते हैं, और वह वहां के परिणाम भी प्रभावित कर सकते हैं इसमें कोई शक नहीं है। गुलाब कमरों ने अपने विधानसभा में एक भी दावेदार पांच सालों में अपने विरुद्ध खड़ा होने नहीं दिया, यह उनकी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। प्रदेश में भी उनका कद अब पार्टी में बढ़ा हुआ नजर आएगा, क्योंकि वह प्रदेश के उन कांग्रेस पार्टी के दावेदारों में से एक हो गए, जिनके विरुद्ध पार्टी से कोई अन्य नहीं है। इस तरह यदि प्रदेश में पार्टी की सरकार बनती है तो वह कैबिनेट मंत्री तक विधानसभा जितने के बाद दावेदार हो जायेंगे और जिसका आशीर्वाद भी उन्हे इसका विधानसभा अध्यक्ष दे चुके हैं।

### सबसे ज्यादा विधायक का विरोध और विधायक पद के लिए दावेदारी अविभाजित कोरिया जिले में बैकुंठपुर विधानसभा में देखी गई

बैकुंठपुर में वर्तमान विधायक के अतिरिक्त दावेदारों की संख्या यदि देखी जाए तो यहां विधायक के अतिरिक्त अन्य दावेदारों ने अर्धशतक लगा दिया है। बैकुंठपुर विधानसभा में 50 से अधिक लोगों ने विधायक बनने की मंशा पार्टी के सामने जाहिर की है। पूरे दावेदारी को विधायक का क्षेत्र में पार्टी में विरोध स्वरूप भी माना जा रहा है और यह भी माना जा रहा है की यह जब तय है की उम्मीदवार वर्तमान ही होंगी जो पार्टी पहले तय कर चुकी है शेष दावेदारी केवल दिखावा है और पार्टी ऐसा करके यह आंकना चाहती है की किसका कितना विरोध है और कौन कौन विरोधी है जिसे पार्टी को मनाकर पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में खड़ा करना है। बैकुंठपुर विधानसभा के लिए आई समस्त दावेदारी अब स्पष्ट हो गई है और पार्टी यह जान चुकी है की कौन कौन भीतरघात कर सकता है और इस तरह अब पार्टी उन्हे मनाएगी भी और उन पर नजर रखकर भी वह चुनाव में जीत दर्ज करने का प्रयास करेगी। बैकुंठपुर विधायक के लिए फिर भी मामला इतना आसान नहीं है ।

## बैकुंठपुर विधानसभा के दो बार के विधायक प्रत्याशी वेदांती तिवारी ने वर्तमान विधायक के सामने रखी क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण मांग

हवाई पट्टी साहित क्षेत्र की 12 अन्य मांग के लिए विधायक को सौंप मांग पत्र



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,24 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कांग्रेस से बैकुंठपुर विधानसभा के दो बार विधायक प्रत्याशी रहे वेदांती तिवारी ने वर्तमान विधायक व संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव के समक्ष ज्ञापन देकर अपने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण मांगों को रखा और उन्हें मांग पत्र सौप कर उन्हें शीघ्र पूरा करने की मांग की। वेदांती तिवारी जो वर्तमान में जिला पंचायत उपाध्यक्ष है उन्होंने हवाई पट्टी साहित ग्रामीण क्षेत्र की 12 महत्वपूर्ण मांगों को पूरा करने के लिए अपनी सांसद महोदय की उपस्थिति में अपनी विधायक को मांग पत्र सौपा।

कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी विभिन्न ग्रामों को एक दुसरे से जोड़ने हेतु पक्के सड़क की मांग विधायक से की है, जिसमें ग्राम कोटकतात से हथवर एवं हथवार से मुरमा कुल दूरी लगभग 10 किमी, ग्राम छिंदिया बाजार से रामपुर ठाकुरपारा होते हुए सरभोका बासनपारा पहुंच मार्ग लगभग-04 किमी, ग्राम झरनामारा मिडिल स्कूल से सनबोधा पहुंच मार्ग लगभग 03 किमी, ग्राम बुढार डोडापारा से पसला होते अमहर पहुंच मार्ग लगभग दूरी 05 किमी,ग्राम दुभापानी पीएमजीएसवाई रोड से जामपानी पटेल पारा पहुंच मार्ग लगभग दूरी 06 किमी, ग्राम मण्डल पारा से कोडाकुपारा होते हुए नरकली पहुंच मार्ग लगभग दूरी 05 किलो मीटर, ग्राम पंचायत गोलाघाट को ग्राम जयपुर स्कूल से जयपुर बस्ती तक पहुंच मार्ग लगभग 3किलो मीटर,ग्राम कंदमनारा से झरनापास पहुंच मार्ग लगभग दूरी 05 किमी, मुख्य सड़क से ग्राम कंचनपुर यादव पारा पोपारा महोल्ला पहुंच मार्ग लगभग दूरी-05 किमी।ग्राम करारा खुदरापारा से कंचनपुर पहुंच मार्ग लगभग दूरी 05 किमी, ग्राम तेन्दुआ गौरापारा धर्मपाल के घर से भावनारोड तक लगभग 1 किमी, ग्राम सरभोका गोल्हासराई देवालय के पास से बृजसिंह के घर तक लगभग दूरी 2 किमी सड़क निर्माण की मांग राखी। साथ ही ग्राम कुडेली-सरभोका में पूर्व में हवाई पटटी का सर्वे कार्य के बाद स्थल की उपयुक्ता सही पाई गई थी, परन्तु किन्ही कारणोंवस ग्राम कुडेली-सरभोका के हवाई पट्टी का कार्य प्रारंभ नही हो सका, साथ ही शासन के बजट से भी बाहर हो गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष में हवाई पट्टी हेतु शासन के बजट में शामिल किया गया है। जिसे ग्राम कुडेली-सरभोका में चयनित स्थल पर हवाई पट्टी बनाऐ जाए जिसे जिला कोरिया के साथ-साथ जिला सूरजपुर के आम जनमानस को इसका पूर्ण लाभ मिल सकेगा।


### नायब तहसीलदार द्वारा दिये स्थगन आदेश को दरकिनार कर वाद भूमि पर दादागिरी से किया खेती

## पूर्व मण्डी अध्यक्ष ने किया स्थगन आदेश की आवहेलना,कार्यवाही की हुई मांग

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,24 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरिया जिले के ग्राम शिवपुर स्तिथ भूमि खसरा न. 206 में पूर्व मंडी अध्यक्ष जगदीश साहू ने आवेदक बृजलाल साहू की भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती करने का मामला सामने आया है। जहां पर आवेदक ने कई बार विरोध दर्ज किया और नही मानने की स्तिथि पर नयाब तहसीलदार खेती करने पर स्थगन आदेश दिया जिस स्थगन को जगदीश साहू द्वारा न मानते हुये न्यायालय के आदेश की आवमानना हुई। जिस पर सुनवाई पश्चात तात्कालीन नायब तहसीलदार भीष्म पटेल ने 19.01.2022 को अपने ऑर्डर शीट में थाना पटना को न्यायलयीन अवमानना की कार्यवाही हेतु आदेशित भी किया गया है जिस पर





आज तक कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हो सकी। आवेदक बृजलाल साहू ने बताया कि इस वर्ष भी जगदीश साहू ने जबरन मेरे खेत में धान की रोपाई की है जिस पर 12.8.2023 को शिकायत पत्र के माध्यम से वर्तमान तहसीलदार चांदनी कवंर को पूर्व के अवमानना पर कार्यवाही करने का आवेदन दिया है।

### जगदीश साहू है विधायक के टिकट मांगने लगा रहे चक्कर

राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के काफी पुराने कार्यकर्ता के तौर पर कार्य कर चुके है और पूर्व में यह मंडी अध्यक्ष के तौर पर कार्य कर चुके है तथा वर्तमान में कोरिया जिले के साहू समाज के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन किये है। आवेदक ने जानकारी देते हुये बताया कि यदि इनके जैसा व्यक्ति को पाटी टीकट देती है तो पार्टी की छवि धूमिल होगी।

### यह है मामला

आवेदक बृजलाल साहू निवासी ग्राम शिवपुर ने बताया कि मेरे निजी स्वामित्व की भूमि जिसका खसरा नं. 206 रकबा 0.25 हे0 पर अनावेदक जगदीश प्रसाद साहू ने जबरन बल पूर्वक कब्जा कर धान का रोपा लगा लिया है। जिस पर आवेदक ने बताया कि जबरन कब्जा कर कृषि कार्य करने के संबंध में माननीय नायब तहसीलदार पटना के समक्ष आवेदन पेश किया था जिस पर माननीय न्यायालय ने द्वारा स्थगन आदेश जारी किया था जिसकी जानकारी अनावेदक जगदीश प्रसाद साहू हो होते हुये भी उक्त भूमि पर बल पूर्वक कृषि कार्य कर लिया है तथा न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना किया है। आवेदक ने यह भी बताया कि जगदीश प्रसाद साहू चालाक किस्म का व्यक्ति है जो सत्यता को छुपाते हुये माननीय न्यायालय को गुमराह में रखा है और अवैधानिक तरीके से आवेदक के भूमि को हड़पना चाहता है। जिस पर आवेदक ने तहसीलदार से निवेदन किया है कि अनावेदक के विरूद्ध न्यायालिन अवमानना की कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे और मेरे स्वामित्व की भूमि जगदीश प्रसाद साहू से मुक्त करा कर मुझे कब्जा दिलाया जाये।

## महापौर दावेदार रही बबीता ने मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से की दावेदारी

-संवाददाता-
चिरमिरी,24 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छत्तीसगढ़ में नवंबर माह में चुनाव होने को हैं जिसको लेकर राजनीति फिज़ाओ में माहौल गर्म हैं।मनेन्द्रगढ़ विधानसभा अनारक्षित सीट होने के कारण यहाँ काफ़ी संख्या में कॉंग्रेस,बीजेपी,व अन्य दलों के लोग अपनी अपनी दावेदारी के ताल ठोक रहे हैं।कॉंग्रेस में जहाँ ब्लॉक में आवेदन लिए जा रहे हैं कई दावेदारो ने अपने समर्थकों के साथ ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष को अपनी उम्मीदवारी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं।जिसमें मनेन्द्रगढ़ विधानसभा हेतु चिरमिरी नगर निगम से महापौर पद की दावेदार रही कॉंग्रेस की महिला नेत्री बबीता सिंह ने विगत दिनों ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष चिरमिरी सुभाष कश्यप को दावेदारी सम्बन्धी आवेदन जमा किया। कॉंग्रेस नेत्री बबीता सिंह क्षेत्र में एक चिर-परिचित नाम हैं और तेज़तर्रार महिला नेत्री में उनका नाम शुमार होता हैं। गत महापौर चुनाव में वे कॉंग्रेस की सबसे प्रमुख दावेदार थी,लेकिन



क्षेत्रीय विधायक डॉ विनय जायसवाल ने अपनी पत्नी कंचन जायसवाल को महापौर बनाने में सफलता पाई। बबीता सिंह दो दशकों से कॉंग्रेस की राजनीति में सक्रिय महिला चेहरा हैं।वर्तमान में महिला नेत्री बबीता सिंह कॉंग्रेस संगठन में विभिन्न पदों छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कॉंग्रेस में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रभारी कोरबा लोकसभा महिला कॉंग्रेस,व अविभाजित जिला कॉंग्रेस कमेटी कोरिया में उपाध्यक्ष के साथ-साथ नगर निगम चिरमिरी में पार्षद हैं।अपनी दावेदारी के सम्बंध में बबीता सिंह का कहना हैं कि वे कॉंग्रेस की एक निष्ठवान कार्यकर्ता हैं और हमेशा पार्टी के निर्णय का सम्मान किया हैं।मैं छत्तीसगढ़ महिला कॉंग्रेस में 10 सालों से प्रदेश महासचिव,व वर्तमान में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हूँ।जैसा कि हमारे नेता राहुल गाँधी जी की मंशा हैं कि महिलाओं को वाजिब भागीदारी मिले, यदि पार्टी बतौर महिला प्रत्याशी मेरे नाम पर विचार करती हैं तो ये एक जमीनी कार्यकर्ता का सम्मान होगा। बहरहाल टिकट के तमाम दावेदारों में चिरमिरी निगम क्षेत्र से महिला दावेदारों में बबीता सिंह का नाम प्रमुख हैं,जिसकी वजह 15 सालों से जिला से लेकर प्रदेश महिला कॉंग्रेस संगठन में उनकी सक्रिय भागीदारी रही हैं।

## गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकताः एनके सिन्हा

### केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में प्राचार्य ने किया कार्यभार ग्रहण

-संवाददाता-
चिरमिरी,24 अगस्त 2023
(घटती घटना)

केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में प्राचार्य एन.के. सिन्हा ने बीते दिनों अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान शिक्षकों ने नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आकांक्षाओं के अनुरूप कक्षाएं आयोजित करने शिक्षकों के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री सिन्हा ने शिक्षकों की संक्षिप्त बैठक बुलाई और अपनी



प्राथमिकता बताई। कहा कि शिक्षक एवं समस्त स्टाफ एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति,गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करना, शिक्षकों की वेशभूषा पद की गरिमा के अनुरूप, स्मार्ट क्लास आयोजित करने, छात्रों की गलतियों को सुधारने हेतु शिक्षकों द्वारा सकारात्मक रिमार्क को सुनिश्चित करना एवं छात्रों एवं स्टाफ के अनुशासन सम्बन्धी अनुदेश का अनुपालन आदि पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगे। विद्यालय के सेकेंडरी ब्लॉक में एसईसीएल द्वारा कराए जा रहे नवीकरण कार्य के लिए प्राचार्य सिन्हा ने विद्यालय के चेयरमैन एवं एसईसीएल महाप्रबंधक एवं अन्य उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

CMYK



# श्रमिक कार्डधारी बन सचिव ले रहा सरकारी राशन का लाभ


**ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव भले ही सरकार से हजारों रुपए महीने का वेतन ले रहे हैं। लेकिन स्वयं को गरीब मानकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए उन्हें जरा भी शर्म महसूस नही होती है। इसी क्रम में एक सचिव द्वारा पिछले कई वर्षो से अपने स्वयं के नाम से असंगठित कर्मकार योजना का श्रमिक कार्ड बनवा योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। यहां तक कि सरकारी राशन दुकान से हर महीने अपने हिस्से का चावल, गेहूं, नमक जैसी चीज लेने में कोई कोताही नहीं बरत रहा। यह कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं बल्कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज वह हकीकत है जिसमे एक पंचायत सचिव खुद को एक गरीब मजदूर होने का सबूत दे रहा है।**

-अरविन्द द्विवेदी-
**अनूपपुर,24 अगस्त 2023**
**(घटती घटना)**

राज्य सरकार के मध्य प्रदेश स्टेट फूड सिक्योरिटी पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार जिले के जैतहरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजौडी निवासी सचिव दिलीप पाठक पिता गिरधारी पाठक का नाम राशन मित्र पोर्टल पर परिवार आईडी क्र. 32340864 दर्ज है। जिसमें मुखिया स्वयं सचिव दिलीप पाठक है। जिसकी समग्र आईडी 159894749 दर्ज है एवं उक्त राशन कार्ड की सूची में 06 सदस्यो के नाम दर्ज है। समस्त सदस्यो के हिस्से का राशन हर महीने लिया जा रहा है। सचिव दिलीप पाठक कई वर्षो से पंचायत सचिव के रूप में अनुपपुर जिले के ग्राम पंचायतों में कार्य कर चुका है और आज वर्तमान में पसला ग्राम पंचायत में पदस्थ है। इसके बावजूद भी वह कई वर्षो से लगातार पंचायत सचिव होने के साथ एक राशन कार्ड धारक बनकर शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोकते हुए एक बड़े भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। असंगठित कर्मकार मंडल योजना श्रमिक कार्ड पंजीयन हेतु पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीयन के लिए श्रमिक की उम्र 18 से 60 वर्ष के तथा 12 माह में कम से कम 90 दिवस निर्माण क्षेत्र मे कार्य करना आवश्यक होता है। जिसके लिए प्रमाणपत्र पंजीकृत श्रम संगठन, श्रम निरीक्षक, निर्माणकर्ता, निर्माण एजेंसी, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय आदि द्वारा जारी किया जाता है और जिसका नवीनीकरण हर 3 वर्ष में होता है। तो उक्त नियमानुसार एक पंचायत सचिव जो कि एक शासकीय सेवक होने के साथ हर महीने वेतन का लाभ ले रहा है वो भला एक जॉब कार्ड धारी मजदूर कैसे हो सकता है.? इसके अलावा एक पंचायत सचिव अपने कार्यस्थल पंचायत के कामों को छोड़कर अपने निवास ग्राम में मजदूरी करने तो आयेगा नही, तो फिर वो श्रमिक कार्ड के लिए कैसे पात्र हो गया यह सोचने वाली बात है। किंतु भ्रष्टाचार, षडयंत्र, आपसी मिलीभगत और कमीशन के चक्कर ने एक शासकीय वेतनभोगी सचिव को भी कागजों में मजदूर बना दिया है।

**जिम्मेदार के बोल**

**आपके द्वारा जानकारी दी गई है, मैं इस मामले की जानकारी सचिव से लेता हूं।**
**बी.एम. मिश्रा**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी**




## कृषि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

-संवाददाता-
**कोरबा,24 अगस्ता 2023**
**(घटती घटना)**

जिले में लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के लिए अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित कर रहे हैं। कार्यालय उप संचालक कृषि विभाग एवं विकासखण्ड कटघोरा के अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में विगत दिवस मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान अंतर्गत कार्यालय प्रमुख द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। इसी प्रकार पशुपालन विभाग द्वारा पोड़ीबहार व कोहड़िया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान संकल्प पत्र का वाचन कर उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महाराणा प्रताप नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

## कोरबा वन मंडल द्वारा विकसित प्रदर्शनी प्लांट का मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पौधारोपण कर किया शुभारंभ

-संवाददाता-
**कोरबा,24 अगस्ता 2023**
**(घटती घटना)**

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छ.ग. शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कोरबा वनमंडल द्वारा रिसदी ग्राम में 10 एकड़ भूमि को प्रदर्शनी प्लॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसमें उच्च गुणवत्ता के मालाबार नीम, टिश्यू कल्चर बांस, बेल और औषधि पौधा स्टीविया का रोपण किया गया है। जिससे आमजन को वृक्षों की खेती (एग्रोफॉरेस्ट्री) से होने वाले लाभ को जानने में सुविधा होगी, इससे और भी लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु प्रोत्साहन मिलेगा। वन महोत्सव कार्यक्रम 2023 में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों से प्रदर्शनी प्लॉट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद कोरबा भी शामिल हुए और उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए पेड़ पौधे ही हमारी मदद करेंगे। अंत में कार्यक्रम के लिए समय देने और इस आयोजन को पूर्णतः सफल बनाने के लिए आशीष खेलवार उप वनमंडलाधिकारी उत्तर कोरबा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## चुनावी तैयारीः अंतरराज्यीय बॉर्डर में हुई छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश पुलिस की बैठक



-संवाददाता-
**सूरजपुर,24 अगस्ता 2023**
**(घटती घटना)**

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग ने छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में आगामी विधानसभा चुनाव के बेहतर प्रबंधन के लिए बार्डर मीटिंग करने के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में गुरूवार, 24 अगस्त को थाना चांदनी में छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के पुलिस अधिकारियों सहित सरहदीं क्षेत्र में स्थित थाना-चौकी प्रभारियों की बार्डर मीटिंग हुई। बैठक में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने आगामी चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून व्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम के लिए बेहतर सहयोग और समन्वय को लेकर आवश्यक चर्चा की। सीमावर्ती चौकियों पर बेहतर तालमेल बनाते हुए नशीली सामग्रियों व अवैध वस्तुओं के आवागमन को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति पर चर्चा की और निगरानी, गुण्डा बदमाशों की गतिविधियों पर सतत् निगाह रखते हुए जानकारी साझा करने कहा। मध्यप्रदेश राज्य के जिला सिंगरौली एसडीओपी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय ने दोनों राज्यों की सीमाओं पर चेक पोस्ट पर नाकाबंदी को और प्रभावी तथा सुदृण बनाने तथा सूचनाओं का आदान प्रदान करने व अवैध नशीली सामग्रियों तथा वारंटियों की धरपकड़ व असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी साझा करने के अलावे अन्य विषयों को लेकर रणनीति के तहत कार्य करने की बात कही। बैठक में थाना प्रभारी माड़ा विद्या बारिध तिवारी, थाना प्रभारी चांदनी जे.एस.कंवर, चौकी प्रभारी शासन एस.एस.परिहार, वनपरिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर मेवालाल पटेल, तहसीलदार संजय शर्मा, थाना प्रभारी रघुनाथनगर देवेन्द्र टेकाम, चौकी प्रभारी बलंगी रमेश तिवारी सहित अन्य पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष ने कहा जल्द ही होगा ज़िला कार्यकारिणी का गठन**

## प्रदेश के नेताओं से मुलाकात कर प्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर अशोक श्रीवास्तव ने जताया आभार

-संवाददाता-
**खड़गवां, 24 अगस्ता 2023**
**(घटती घटना)**



**खड़गवां।** वर्षो पुरानी जिले की मांग मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के रूप में जब से पूरी हुई तभी से दोनों राजनीतिक दल अपने मुखिया के खोज में लग गए थे, भाजपा ने बहुत पहले ही नवनियुक्त जिले के लिए जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था परंतु कांग्रेस ने काफी लम्बा समय लिया, कई महीनों तक सोच विचार करने के बाद कांग्रेस ने नवगठित जिले मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला अध्यक्ष के रूप में सांसद प्रतिनिधि अशोक श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी है जिम्मेदारी मिलने के बाद सांसद प्रतिनिधि अशोक श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री टी एस बाबा, कोरबा लोकसभा की सांसद ज्योत्शना महंत सहित प्रदेश के सभी शेष नेतृत्व से रायपुर में मुलाकात कर आभार व्यक्त किया है। श्रीवस्तव ने कहा कि पार्टी ने उनके ऊपर भरोसा करते हुए इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है वह पूरी कोशिश करेंगे कि उस भरोसे पर खरे उतरे।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने प्रदेश के सभी शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर नवगठित जिले के राजनीतिक दृष्टिकोण से अवगत कराया है साथ ही उन्होंने जल्द ही जिले के जिला कार्यकारिणी का गठन करने की भी बात कही है उन्होंने कहा है कि कार्यकारिणी के गठन में सभी वर्ग, सभी समाज, युवा, महिला वृद्ध सभी लोगों को समाहित कर कार्यकारिणी बनाई जाएगी ताकि युवा जोश के साथ वरिष्ठों के अनुभव को मिलाकर कांग्रेस को जिले में नहीं ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। अशोक श्रीवास्तव मूलत खड़गवां के रहने वाले है और पिछले 30 वर्षो से कांग्रेस की राजनिति में सक्रिय है उन्हें जमीनी स्तर पर पकड़ वाला नेता माना जाता है खड़गवां ब्लॉक में कांग्रेस हमेशा से मजबूत रही है पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जिले के खड़गवां ब्लॉक छोड़ कर लगभग सभी ब्लॉक में भाजपा से पीछे रही, ऐसा माना जाता है खड़गवां ब्लॉक में कांग्रेस का जनाधार अशोक श्रीवास्तव के ही नेतृत्व में है। अशोक श्रीवास्तव पूर्व में खड़गवां ग्राम पंचायत के सरपंच सहित खड़गवां जनपद पंचायत के सदस्य जैसे कई पदों में निर्वाचित भी हो सके है इसके साथ ही सांसद प्रतिनिधि और संगठन में कार्य करने का लंबा अनुभव है वर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरण दास मंहत के काफी करीबी भी माने जाते हैं नेताओं से मुलाकात के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और कार्यालय प्रभारी सौरव मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी ओंकारनाथ पांडे, युवा कांग्रेस मनेंद्रगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मनोज शर्मा भी मौजूद रहे।

## पट्टाधारियों को न्याय दिलाने भाजपा ने कसी कमर

**कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफी पर घंटाघर मैदान में आज भाजपा करेगा उग्र आंदोलन**

-संवाददाता-
**कोरबा,24 अगस्ता 2023**
**(घटती घटना)**



छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी कुछ माह के भीतर विधानसभा चुनाव होना है जिसको लेकर सभी मुख्य पार्टियों ने अपनी अपनी रणनीति बनानी सुरू कर दिए है द्य इसी कड़ी में देश की सबसे बड़ी पॉलिटिकल पार्टी भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के पट्टाधारियों को न्याय दिलाने को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर तिलक भवन में भाजपा के पदाधिकारियों की प्रेसवार्ता हुई जिसमें बताया गया कि कांग्रेस की सरकार अपने वादे को भूल चुकी है। कांग्रेस की सरकार ने पिछले चुनाव में प्रदेश वासियों से कई लुभावने वादे किए थे जैसे पट्टाधारियों को पट्टा देना, शराब बंदी, नियमिती कारण आदि को प्रदेश सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा द्य पर लगभग पांच साल पूरा होने को है और अबतक प्रदेश की सरकार अपने वादे को पूरा करने में असफल रही है द्य ऐसा ही एक वादा कांग्रेस सरकार ने जनता से पट्टा वितरण को लेकर किया था जिसे अबतक पूरा नहीं किया गया द्य जिले में इन्ही पट्टाधारियों को उनका हक दिलवाने को लेकर भाजपा द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में आगामी विधानसभा चुनाव के कोरबा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन (पूर्व संसदीय सचिव) जिनका 10 साल का कार्यकाल इस विधानसभा से बाहर रहा एक बार फिर सक्रिय होते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार वर्ष पूर्व पट्टाधारियों को पट्टा देने की घोषणा की थी लेकिन आज तक एक भी लोगों को पट्टा नहीं मिला । हमारी मांग है कि सभी लोगों को इसका लाभ मिले। इसी तरह पीएम आवास के मामले में भी कांग्रेस सरकार फिसड्डी साबित हुई , जिससे लगभग 16लाख636 मकान बनने से वांछित रह गया जिससे लोगों को इसका लाभ नही मिल सका द्य वहीं प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं जिले के विधायक जयसिंह अग्रवाल के बारे में कहा के राजस्व मंत्री होते हुए भी चुनावी घोषणा पत्र में विधायक बनते ही दो हफ्ते के अंदर पट्टाधारियों को पट्टा दिए जाने वाले वादे को चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की जनता के साथ खिलवाड़ करते हुए पट्टा नहीं दिया गया। इसीलिए झुग्गी झोपड़ी एवं बस्तियों में रहने वाले लोगों को न्याय दिलाने को लेकर भाजपा द्वारा जिले के घंटाघर मैदान में यह आंदोलन किया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान बिहार से पहुंची तीन बार की विजेता भाजपा विधायक गायत्री सिंह ने पत्रकारों के समक्ष कहा कि छत्तीसगढ़ एक संसाधनयुक्त राज्य है। यहां पर विकास की अपार संभावनाएं है लेकिन वर्तमान कांग्रेस की सरकार ने किसी भी क्षेत्र में कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को घंटाघर मैदान पट्टाधारियों को न्याय दिलाने के लिए दोपहर लगभग 01 बजे सभा प्रारंभ होगी। जिसके लिए उन्होंने सभी पट्टाधारियों एवं जिले वासियों से आग्रह किए हैं की वे इस आंदोलन में शरीक हो एवं पहुंचे लोगों से पट्टा सबंधित आवेदन को जमा कराएंगे साथ ही वक्ता पट्टे से संबंधित जानकारी इस आंदोलन में देंगे । तत्पश्चात घंटाघर मैदान में वृहद सभा के बाद लोगों से प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा जिससे पट्टाधारियों को उचित पट्टा मिल सके। इस पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मनोज पराशर, लक्ष्मण श्रीवास, महामंत्री टिकेश्वर राठिया, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर,जिला-सरगुज़ा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/2023007021200041/अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक राजेश अग्रवाल आ0 स्व0 ओमप्रमकाश अग्रवाल एवं अनय-2 जाति अग्रवाल निवासी केदारपुर अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की मोहल्ला कंपनी बाजार नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1358/1, 1359/1, 1358/2, 1358/3, 1358/6 रकबा क्रमशः 0.02, 0.02, 0.01, 1/4, 0.001/2, 0.001/2 एकड़ भूमि को अनावेदिका श्रीमती आरती सिंह पत्नी विनोद सिंह जाति क्षत्रिय निवासी डेयरी अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेनस खसरा की छायाप्रति पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक-28/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक-25/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील **नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर,जिला-सरगुज़ा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/.../अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका अमृता सिंह पत्नी स्व0 अभिजीत सिंह एवं अन्य-11 के द्वारा मोहल्ला अंधारी बगीचा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-03 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1145/1 रकबा 3811.3 वर्गफीट के खातेदार सहखातेदार अभिजीत सिंह की दिनांक 25/11/2020 को मृत्यु हो जाने के कारण सवयं का मृतक का वैध वारिस आवेदिका क्रमांक अमृता सिंह एवं आवेदक क्रमांक-02 हार्दिक प्रताप सिंह का नाम फौती नामांतरण में दर्ज कराने हेतु संहिता की धारारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेनस खसरा की छायाप्रति पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 13/ 09/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक-21/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील **नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

# पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी हो सकती है टीम इंडिया की प्लेइंग 11

» इस युवा खिलाड़ी को मिलेगा मौका?

**नईदिल्ली,24अगस्त2023।** भारतीय टीम ने जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में शानदार जीत के साथ अपना आयरलैंड का दौरा पूरा किया। अब भारत के सामने एशिया कप 2023 की अग्निपरीक्षा है। जहां उसे अपने अभियान की शुरुआत अपने चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 2 सितंबर से करनी है।

आयरलैंड दौरे पर गई भारतीय टीम से जसप्रीत बुमराह समेत 4 खिलाड़ी ही एशिया कप में खेलते नजर आएंगे। बाकी तीन खिलाड़ी स्पिन ऑलराउंडर तिलक वर्मा, विकेटकीपर संजू सैमसन और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैं, जो एशिया कप की टीम में शामिल हैं।




### पाकिस्तान के खिलाफ राहुल-श्रेयस बैठ सकते हैं बाहर

एशिया कप का आगाज 30 अगस्त से होगा। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम एक मजबूत प्लेइंग इलेवन के साथ उतरेगी। पहले ही मैच में तिलक वर्मा को मौका मिल सकता है, जिस कारण उनका ये पहला वनडे मुकाबला हो सकता है। दरअसल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल चोट के बाद एशिया कप के लिए चुने गए हैं। लंबे समय से उन्होंने कोई भी वनडे मैच नहीं खेला है।

### नंबर 4 पर तिलक वर्मा!

वहीं केएल राहुल शुरुआती 1-2 मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं। जबकि अय्यर का पाकिस्तान के खिलाफ खेलने पर संस्पेंस है। इसलिए इन दोनों की जगह चौथे नंबर पर तिलक वर्मा को मौका मिल सकता है। क्योंकि, राहुल और अय्यर पर रोहित शर्मा दांव नहीं खेल सकते हैं। हाल ही में तिलक वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। इस दौरान उन्होंने 4 टी20 मैचों में नंबर 4 पर बल्लेबाजी की। जबकि एक मुकाबले में उन्हें नंबर 5 पर उतारा गया। उन्होंने विंडीज के खिलाफ 5 टी20 मैचों में 57 की एवरेज से 173 रन बनाए।

भारतीय टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और केएल राहुल शामिल है। जबकि संजू सैमसन को स्टैंड बाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। एशिया कप के पहले मुकाबले में इशान किशन को मौका मिल सकता है। जबकि ओपनिंग जोड़ी के रूप में कप्तान रोहित शर्मा का साथ शुबमन गिल दे सकते हैं। विराट कोहली नंबर 3 पर तो नंबर 5 और 6 पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा उतर सकते हैं।

तेज गेंदबाजी के मामले में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद शमी और सिराज टीम को मजबूती देंगे। जबकि स्पिन विभाग की कमान रवींद्र जडेजा के कंधों पर होगी। जडेजा का साथ कुलदीप यादव या फिर अक्षर पटेल दे सकते हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर/तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल/कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।



## शमी,बुमराह,सिराज इससे अच्छा पेस अटैक नहीं हो सकता : गांगुली

**नई दिल्ली,24अगस्त 2023।** एशिया कप के लिए चुने गए खिलाड़ियों में से तो कुछ ने 6 महीने तो कुछ ने एक साल से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को लगता है कि टीम इंडिया एशिया कप के साथ वर्ल्ड कप भी जीत सकती है। दरअसल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम इंडिया में वापसी हुई है। जिससे टीम का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। वहीं, बुमराह और प्रसिद्ध ने भी लंबे समय से कोई वनडे नहीं खेला है। शमी भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते दिखेंगे।

वहीं गांगुली को लगता है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी वर्ल्ड कप विजेता बनने के लिए तैयार है। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा कि, ये एक बहुत मजबूत टीम है। बुमराह वापस आ गए हैं, जिससे टीम और भी मजबूत हो गई है। गेंदबाजी आक्रामण बहुत अच्छा है। शमी, बुमराह, सिराज इससे बेहतरीन तेज गेंदबाजी आक्रमण नहीं मिल सकता है। स्पिन में जडेजा रिस्ट स्पिनर होंगे और शानदार बैटिंग भी करते हैं। भारत एक शानदार टीम है, जिसे बस एशिया कप और वर्ल्ड कप के दौरान अच्छा और दृढ़ विश्वास के साथ क्रिकेट खेलना होगा।

बता दें कि, श्रेयस अय्यर ने पिछला वनडे इस साल की शुरूआत यानी जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वहीं, राहुल ने पिछला वनडे 22 मार्च 2023को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। अय्यर को कमर में चोट लगी थी, जबकि राहुल आईपीएल 2023 के दौरान जांघ में चोट लगने से वो क्रिकेट मैदान से दूर हो गए थे। वहीं एशिया कप की शुरूआत 30 अगस्त से पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुकाबले से होगी। जबकि वर्ल्ड कप 2023 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा।

## विनेश अच्छी पहलवान हैं लेकिन मैं उनसे बेहतर करने की कोशिश करूंगी : अंतिम पंघाल

**नईदिल्ली,24अगस्त 2023।** लगातार दो अंडर-20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने कहा कि उनकी कोशिश सीनियर पहलवान विनेश फोगाट से बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी बनने की होगी।




एशियाई खेलों के लिए विनेश को सीधे प्रवेश दिये जाने के फैसले को अदालत में चुनौती देने वाली पंघाल की याचिका खारिज कर दी गयी। अंत में विनेश ने घुटने की चोट के कारण एशियाई खेलों से हटने का फैसला किया। पंघाल अपनी अनुभवी साथी विनेश की उपलब्धियों से वाकिफ हैं जो एशियाई खेलों की चैम्पियन हैं और कई एशियाई चैम्पियनशिप पदक जीत चुकी हैं। वह एकमात्र भारतीय महिला पहलवान हैं जो दो विश्व चैम्पियनशिप पदक अपने नाम कर चुकी हैं।

हालांकि विनेश जिन दो ओलंपिक रियो (2016) और तोक्यो (2021) खेलों में पहुंची, उनसे खाली हाथ लौटीं। पंघाल ने 'वर्चुअल' बातचीत में कहा, ''विनेश बहुत अच्छी पहलवान है, उनके नाम राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और विश्व चैम्पियनशिप में पदक हैं, लेकिन मैं उनसे बेहतर करने की कोशिश करूंगी। उनसे बेहतर करने की कोशिश के लिए उनसे ज्यादा मेहनत करूंगी। '' उन्होंने कहा, ''मेरा अभ्यास बहुत अच्छा चल रहा है। मैं कल विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स में हिस्सा लूंगी। मैं काफी लंबे समय से एशियाई खेलों के लिए अभ्यास कर रही हूं। ''

पंघाल ने पिछले हफ्ते जोर्डन के अम्मान में अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप में अपने 53 किग्रा खिताब का बचाव किया। पंघाल और विनेश दोनों 53 किग्रा वजन वर्ग में खेलती हैं और दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता तब शुरु हुई जब पंघाल के ट्रायल्स जीतने के बावजूद एशियाई खेलों के लिए विनेश को स्वतः ही चुन लिया गया। पंघाल ने कहा, ''एशियाड में सभी देशों के पहलवान काफी मजबूत होंगे। यह मेरे पहले एशियाई खेल हैं इसलिये मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करूंगी। ''

उन्होंने कहा, ''मैं अपने खेल पर काफी कड़ी मेहनत कर रही हूं, मानसिक रूप से शांत बने रहने के लिए ध्यान लगा रही हूं। मैं सिर्फ 'रिलैक्स' बने रहने की कोशिश करती हूं और ध्यान मुझे यह देता है। '' पंघाल ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह बनाने में विफलता के बाद कुश्ती के प्रति उनके रवैये के साथ उनकी जिदंगी बदल गयी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल्स में विनेश से हारने के बाद पंघाल ने खेल को ज्यादा गंभीरता से लेना शुरु किया।

## इन स्टेडियम में होंगे वर्ल्ड कप के वॉर्म-अप मैच

**नईदिल्ली,24अगस्त2023।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होगा। इस बार वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत अकेले कर रहा है। इसका फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा। वर्ल्ड कप का शेड्यूल पहले ही घोषित कर दिया गया है। अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के तहत होने वाले अभ्यास मैचों का शेड्यूल भी घोषित कर दिया गया है। शेड्यूल के मुताबिक, वर्ल्ड कप से पहले सभी 10 टीमें 2-2 अभ्यास मैच खेलेंगी। सभी मुकाबले तीन वेन्यू, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और हैदराबाद में खेले जाएंगे।

सभी टीमें 2-2 अभ्यास मैच खेलेंगी आईसीसी ने सोशल मीडिया पर वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी किया। इसके तहत रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम भी वर्ल्ड कप से पहले दो वॉर्म-अप मैच खेलेगी। इसमें टीम इंडिया 30 सितंबर को पहला अभ्यास मैच इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी में खेलेगी। वहीं दूसरा मैच तीन अक्टूबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगा। ये मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों अभ्यास मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा, जिसमें अपनी ताकत आजमाने का मौका रहेगा।




सभी मैच दोपहर के दो बजे से खेले जाएंगे जबकि टीम के सभी 15 खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने की अनुमति होगी। भारत में पांच अक्टूबर से वर्ल्ड कप 2023 का आगाज होना है। जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जबकि फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा।

वर्ल्ड कप 2023 वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल

29 सितंबर

बांग्लादेश बनाम श्रीलंका, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी

साउथ अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम

न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान, राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद

30 सितंबर

भारत बनाम इंग्लैंड, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी

ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम

2 अक्टूबर

इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी

न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम

3 अक्टूबर

अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी

भारत बनाम नीदरलैंड, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम

पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद

## एल्ड्रिन विश्व चैम्पियनशिप में लंबी कूद फाइनल्स में

**नईदिल्ली,24अगस्त2023।** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन ने यहां पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया लेकिन उनके साथी प्रतिस्पर्धी मुरली श्रीशंकर खराब प्रदर्शन के बाद क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गये। भाला फेंक एथलीट अनु रानी 57.05 मीटर के प्रयास से सत्र का अपना दूसरा खराब प्रदर्शन करते हुए क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गयीं। वह ग्रुप ए में 11वें स्थान और कुल 19वें स्थान पर रहीं। राष्ट्रीय रिकार्डधारी अनु पिछले कुछ समय से फॉर्म में नहीं हैं। एल्ड्रिन (21 वर्ष) ने अपने पहले प्रयास में 8.0 मीटर की कूद लगायी लेकिन अगले दो प्रयासों में 'फाउल' कर गए। यह प्रदर्शन उन्हें गुरुवार को होने वाले 12 खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। फाइनल्स में वही एथलीट पहुंचते हैं जो 8.15 मीटर की कूद लगाते हैं या फिर दो क्वालीफिकेशन ग्रुप के शीर्ष 12 पर रहते हैं।

मार्च में 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट के तौर पर उतरे एल्ड्रिन ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में छठे स्थान पर रहे और वह दोनों ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ 12वें एथलीट के तौर पर अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल्स में पहुंचे। बुधवार को वह विश्व चैम्पियनशिप में श्रीशंकर के बाद लंबी कूद के फाइनल्स में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष एथलीट बने। श्रीशंकर ने 7.74 मीटर, 7.66 मीटर और 6.70 मीटर के निराशाजनक प्रयास किये। वह ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान से कुल 22वें स्थान पर रहे। उनका क्वालीफिकेशन दौर से बाहर होना भारतीय खेमे के लिए बुरी खबर रही क्योंकि 3000 मीटर स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले पहले ही फाइनल्स में पहुंचने में विफल रहे थे जिनसे कम से कम फाइनल्स में पहुंचने की उम्मीद थी। श्रीशंकर (24 वर्ष) इस सत्र में एल्ड्रिन से ज्यादा निरंतर रहे थे, वह कई मौकों पर आठ मीटर की कूद लगाने में सफल रहे थे। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में 8.41 मीटर से अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## डब्ल्यूएफआई को बड़ा झटका

### यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए खेल संस्था को किया निलंबित

**नईदिल्ली,24अगस्त2023।** यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती महासंघ को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए निलंबित करके एक बड़ा कदम उठाया है। डब्ल्यूएफआई पिछले कुछ महीनों से गलत कारणों से सुर्खियां बटोर रहा है और अब विश्व कुश्ती संस्था द्वारा तत्काल निलंबन महासंघ के चुनाव कराने में विफल रहने के कारण हुआ है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पहले डब्ल्यूएफआई को चुनाव में देरी होने पर निलंबन की चेतावनी दी थी। भारत की कुश्ती संचालन संस्था को पहले जून 2023 में चुनाव कराने थे। लेकिन भारतीय पहलवानों के विरोध और विभिन्न राज्य इकाइयों की याचिकाओं के कारण इन्हें लगातार स्थगित किया जा रहा है।




दिलचस्प बात यह है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में कुल 15 पदों के लिए चुनाव 12 अगस्त को होने वाले थे। निवर्तमान डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह सहित चार उम्मीदवारों ने गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। अन्य पदों में, उत्तराखंड के एसपी देशवाल को कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकित किया गया था, जबकि दर्शन लाल का नाम (चंडीगढ़ कुश्ती निकाय से) महासचिव के लिए आया था। हालांकि, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के होने वाले बहुप्रतीक्षित चुनावों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी।

## एशिया कप से पहले विराट कोहली ने पास किया यो-यो टेस्ट


**नईदिल्ली,24अगस्त2023।** एशिया कप से पहले यो-यो टेस्ट को विराट कोहली ने पास कर लिया है। दरअसल, कोहली ने फोटो शेयर करते हुए बताया कि यो-यो टेस्ट में उनका स्कोर कितना रहा है। इससे पहले वो मुंबई से बैंगलोर पहुंचे थे, जहां एशिया कप के लिए टीम इंडिया का कैंप शुरू हो गया है।

कोहली ने ग्राउंड से फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि उन्हें यो-यो टेस्ट फिनिश करने पर काफी खुशी हो रही है। उन्होंने साथ में बताया कि टेस्ट में उनका कितना स्कोर रहा। विराट का स्कोर 17.2 स्कोर रहा है। एशिया कप में टीम इंडिया का पहला मैच पाकिस्तान के साथ 2 सितंबर को है। एशिया कप के लिए रावण होने से पहले भारतीय टीम का बैंगलोर स्थित एनसीए में 5 दिवसीय अभ्यास कैंप लगा है। आयरलैंड दौरे पर गए खिलाड़ी शुक्रवार तक एनसीए पहुंच सकते हैं।

वहीं विराट कोहली ने 111 टेस्ट, 275 वनडे और 115 टी20 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने क्रमशः 8676, 12898 और 4008 रन बनाए हैं। वनडे फॉर्मेट में कोहली ने 46 शतक और 65 अर्धशतक लगाए हैं। कोहली का रिकॉर्ड पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में खेले 13 मैचों में 536 रन बनाए हैं।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी का ट्रेलर जारी, जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म


नवाजुद्दीन सिद्दीकी हाल ही में फिल्म टीकू वेड्स शेरू में नजर आए थे। फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी, लेकिन लोगों को पसंद नहीं आई। वहीं अब एक बार फिर नवाज अपने नए रूप में आने के लिए तैयार है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक्टर की नई फिल्म हड्डी का शानदार ट्रेलर रिलीज हुआ है।




फिल्म मेकर्स ने हड्डी का ट्रेलर रिलीज किया। फिल्म हड्डी के 2.25 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत कमरे की दीवार पर लगी ट्रांसजेंडर की तस्वीरें, लाल साड़ी पहने और हाथ में तेज धार वाला छुरा लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आ रहे हैं।ट्रेलर में नवाज एक से बढ़कर एक दमदार डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जिसमें वो कहते हैं, हमारा आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली होता है और हमारा श्राप बहुत भयावह, और उससे भी भयावह जानते हो क्या होता है, हमारा बदला.। ट्रांसजेंडर बनकर नवाज कई खून करते नजर आ रहे हैं। नवाजुद्दीन ने अपने इस किरदार से एक बार फिर सभी को हैरान कर दिया है।यह फिल्म नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी। बता दें, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के फिल्म से अब तक तीन से 4 ट्रांसजेंडर लुक भी सामने आ चुके हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन अक्षत अजय शर्मा ने किया है, जबकि जी स्टूडियो द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो पवन कृपलानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'फोबिया 2' में अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। साथ ही वो जयदीप चोपड़ा की फिल्म 'संगीन' में अपने सेक्रेड गेम्स के को-स्टार एलनाज नोरौजी के साथ अहम रोल प्ले करेंगे। उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर फिल्म हीरोपंती 2 में देखा गया है, इस फिल्म में उन्होंने मुख्य विलेन लैला का किरदार निभाया है।

## 42 साल की श्वेता तिवारी की हॉटनेस ने किया हैरान



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी अदाकारी का जादू लंबे समय से देशभर के दर्शकों पर चलाया है. एक्ट्रेस ने अब तक के करियर में यह तो साबित कर ही दिया है कि वह किसी भी तरह के किरदार में बखूबी खुद को ढाल सकती है. अपनी अदाकारी के अलावा श्वेता ने अपनी सिजलिंग अदाओं का जादू भी हर किसी पर चलाया है. अब एक बार फिर से एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला है. श्वेता अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं. अक्सर वह फैंस के साथ अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ की झलक भी शेयर करती रहती हैं.

अब उन्होंने फिर फैंस के साथ नया लुक शेयर किया है. फोटोज में श्वेता चेक प्रिंट वाला लोअर और स्लीवलेस क्रॉप टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं.

श्वेता ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है. एक्ट्रेस ने सटल बेस के साथ न्यूड लिप शेड और न्यूड आईज रखी है. इसके साथ श्वेता ने बालों को ओपन रखा है और गोल्ड हूप ईयररिंग्स पहने हैं. एक्ट्रेस इस लुक में भी बहुत खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. अब फैंस की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं. श्वेता की इन अदाओं को देखकर यकीन ही नहीं किया जा सकता कि वह 42 साल की हो चुकी हैं और 2 बच्चों की मां हैं. एक्ट्रेस की 22 साल की बेटी पलक तिवारी भी बॉलीवुड में डेब्यू भी कर चुकी हैं. वहीं, श्वेता ने आज भी खुद को बहुत फिट रखा है. अपने कर्वी फिगर से वह सबके होश उड़ा देती हैं और बोल्डनेस से किसी भी एक्ट्रेस को टक्कर दे सकती हैं.




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)